कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 344, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 09 जनवरी 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 'भारत जोड़ो यात्रा को मिला समर्थन'



**कुरुक्षेत्र:** हरियाणा के कुरुक्षेत्र में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा को लेकर एक प्रेस कांफ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि कन्याकुमारी से हरियाणा तक बहुत अच्छा समर्थन मिला है। पहले लोग कह रहे थे कि केरल में समर्थन मिला और कहीं नहीं मिलेगा, लेकिन सब जगह हमें अच्छा समर्थन मिला है। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं वैसे-वैसे समर्थन में बढ़ रहा है।

**'भाजपा शासित राज्यों में भारत जोड़ो यात्रा को मिला समर्थन':** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि कुछ लोगों ने कहा कि हमें बीजेपी शासित राज्यों और हिंदी बेल्ट में यात्रा के लिए लोगों से प्रतिक्रिया नहीं मिल रही है, लेकिन इसके विपरीत हमें इन राज्यों में भी अच्छी प्रतिक्रिया मिली है और इसमें सुधार हो रहा है।

**10 जनवरी को पंजाब में प्रवेश करेगी यात्रा:** बता दें कि राहुल गांधी हरियाणा में भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे हैं। कांग्रेस पार्टी की ये भारत जोड़ो यात्रा सात सितंबर को कन्याकुमारी से शुरू हुई थी। जोकि 12 राज्यों से होकर जम्मू कश्मीर तक जानी है। राहुल गांधी अब तक तीन हजार किलोमीटर से ज्यादा पैदल चल चुके हैं। अब सिर्फ 342 किलोमीटर की यात्रा बची है। हरियाणा के बाद यात्रा पंजाब और फिर जम्मू कश्मीर पहुंचेगी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा 10 जनवरी को पंजाब में प्रवेश करेगी।

**जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत:** कांग्रेस से लाडवा विधायक मेवा राम और कांग्रेस नेता अशोक अरोड़ा ने बताया कि राहुल गांधी का जगह-जगह भव्य स्वागत हुआ। जाएगा। यात्रा में हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी शक्ति सिंह गोहिल, महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार, हरियाणा में भारत जोड़ो यात्रा के संयोजक राव दान सिंह, हरियाणा की पूर्व अध्यक्ष कुमारी शैलजा, पूर्व महासचिव रणदीप सुरजेवाला व मनदीप चटठा, ठरवक राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज कुंदन, प्रदेश प्रभारी वरूण चौधरी, यूथ विंग के प्रदेशाध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा समेत अन्य नेता शामिल रहे।

**9 जनवरी को अंबाला में यात्रा:** 9 जनवरी को सुबह 6 बजे पदयात्रा फिर से गांव खानपुर कोलियां से शुरू होगी। यहां से यात्रा सुबह 10 बजे शाहाबाद के ढहऊ रेस्ट हाउस में पहुंचेगी। इसके पश्चात साढ़े 3 बजे पट्टी बोरीपुर से शुरू होगी और शाम साढ़े 6 बजे अंबाला के मोहड़ा मंडी आकर रुकेगी। यहां यात्रा का रुख अंबाला कैंट की अनाज मंडी की ओर होगा।

## 'जीएसटी-नोटबंदी छोटे कारोबारियों को मारने के लिए लाई गई'



**राहुल** ने कहा कि जीएसटी और नोटबंदी भी छोटे कारोबारियों को मारने के लिए लाई गई। यह पॉलिसी नहीं हैं। मैं गारंटी देता हूं कि कांग्रेस पार्टी की सरकार इस तरह आक्रमण नहीं करेगी। किसान की प्रोटेक्शन होगी। अगर हम अरबपतियों का कर्ज माफ कर सकती है तो किसानों को भी लाभ पहुंचाया जाएगा। राहुल गांधी ने कहा कि यात्रा में युवा इंजीनियर, डॉक्टर, लॉयर, एडमिनिस्ट्रेशन जैसे फील्ड में जाना चाहते हैं। इनमें ज्यादा से ज्यादा 10% को जॉब मिलती हैं। बाकी को नहीं मिलती। उनके सपने टूट जाते हैं। जो लोग इस देश को रोजगार दे सकते हैं, उनकी हम मदद नहीं करते हैं। स्मॉल व मीडिया इंडस्ट्री को बर्बाद कर दिया गया।

## हिमाचल में 7 नए मंत्री बने: अकेले शिमला से 3



**शिमला:** हिमाचल में कांग्रेस सरकार ने 7 मंत्रियों को शपथ दिलाई। इनमें सबसे पहले कर्नल धनीराम शांडिल को शपथ दिलाई गई। इनके बाद विधायक चंद्र कुमार, हर्षवर्धन, जगत सिंह नेगी, रोहित ठाकुर, अनिरुद्ध सिंह और विक्रमादित्य सिंह ने मंत्री पद की शपथ ली। अकेले शिमला जिले से 3 विधायक विक्रमादित्य, रोहित और अनिरुद्ध मंत्री बने हैं। इसके अलावा कांगड़ा से चंद्र कुमार, किन्नौर से जगत सिंह नेगी, सोलन से धनीराम शांडिल और सिरमौर से हर्षवर्धन को भी मंत्री बनाया गया है। हमीरपुर से सीएम सुखविंदर सुक्खू और ऊना से डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री हैं। 5 जिलों को कोई मंत्री पद नहीं मिला। मंत्रियों को शपथ दिलाने से पहले मंत्री बनने से चूके 6 विधायकों को सीएम ने मुख्य संसदीय सचिव की शपथ दिलाई। इनमें सुंदर सिंह ठाकुर, एमएल ब्राक्टा, राम कुमार, आशीष बुटेल, किशोरी लाल और संजय अवस्थी शामिल हैं।

**एक महीने के इंतजार के बाद कैबिनेट विस्तार:** विधानसभा चुनाव के नतीजे 9 दिसंबर को आए गए थे। 9 दिसंबर को कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई। इसमें सीएम चेहरा चुनने के लिए हाईकमान को अधिकृत किया गया। 10 दिसंबर की शाम को सुखविंदर सुक्खू को मुख्यमंत्री और मुकेश अग्निहोत्री को डिप्टी उट चुना गया। इसके अगले ही दिन यानी 11 दिसंबर को सीएम और डिप्टी सीएम को रिज पर शपथ दिलवाई गई। इस तरह रिजल्ट आए एक माह से अधिक समय बीत गया। मगर, अब तक कैबिनेट विस्तार नहीं होने की वजह से विपक्ष भी हमलावर होने लगा था। आज यह इंतजार खत्म होने जा रहा है।

**सबसे बड़े कांगड़ा जिले को 1 ही मंत्री:** कांगड़ा प्रदेश का सबसे बड़ा जिला है। 15 में से 11 सीटें कांग्रेस जीती है। इसलिए कांगड़ा से कम से कम 2 मंत्री बनाने के कयास लगाए जा रहे थे। मगर, सुक्खू ने कांगड़ा को एक ही मंत्री पद और 2 सीपीए दिए हैं।

## बिहार बोर्ड ने मैट्रिक की परीक्षा के लिए जारी किया एडमिट कार्ड

**पटना।** बिहार बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड आज जारी कर दिया गया। यह एडमिट कार्ड बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर 15 जनवरी तक उपलब्ध रहेंगे। बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा का एडमिट कार्ड केवल उन परीक्षार्थियों का जारी किया गया है, जो सेंटअप परीक्षा में शामिल हुए थे। बिहार बोर्ड मैट्रिक की परीक्षा 14 से 22 फरवरी तक होगी। बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर स्कूल प्रिंसिपल अपनी लॉगइन आईडी और पासवर्ड से एडमिट कार्ड डाउनलोड करेंगे। इसका प्रिंट आउट निकाल कर हस्ताक्षर के बाद ही छात्रों को दिया जायेगा।

## जेल में कार्यकर्ता से नहीं मिल पाए अखिलेश यादव



**लखनऊ:** लखनऊ पुलिस ने सपा ट्विटर हैंडल के मेंबर और कार्यकर्ता मनीष जगन अग्रवाल को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। इसकी जानकारी होते ही सपा प्रमुख अखिलेश यादव लखनऊ पुलिस मुख्यालय पहुंच गए। वह वहां कैंटीन में कार्यकर्ताओं के साथ बैठ गए। अखिलेश के पहुंचने का पता चलते ही थोड़ी देर में ही सीनियर पुलिस अफसर भी वहां पहुंच गए। इस दौरान ज्वाइंट सीपी पीयूष मोर्डिया ने अखिलेश को चाय का ऑफर किया तो उन्होंने मना कर दिया। कहा, "यहां की चाय नहीं पीएंगे। बाहर की पीएंगे। हम यहां की चाय नहीं पी सकते हैं, जहर दे दोगे तब...हमें भरोसा नहीं है। सच में भरोसा नहीं है। आप अपनी चाय पीजिए, हम अपनी पीएंगे।" इस दौरान उन्होंने एक कार्यकर्ता को बाहर से चाय लाने की बात भी कही। उधर, अखिलेश के पहुंचने का पता चलते ही बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता पुलिस मुख्यालय पहुंच गए। वह गेट पर धरने पर बैठ गए। वहां पुलिस से उनकी झड़प हुई। करीब 2 घंटे अखिलेश पुलिस मुख्यालय में रहे। इसके बाद यहां से अखिलेश लखनऊ जेल में मनीष से मिलने पहुंचे। उनके साथ सपा के कई नेता थे। लेकिन, अखिलेश को कार्यकर्ता से मिलने नहीं दिया गया। इस पर सपा प्रमुख ने कहा कि मैं यहां जेल मनीष से मिलने आया था, लेकिन मुझे मिलने नहीं दिया गया है। हालांकि पुलिस की तरफ से कोई बयान नहीं आया है।

अखिलेश ने कहा कि बीजेपी गाली गलौज करती है। बीजेपी के सोशल मीडिया अकाउंट से हमारी पत्नी, परिवार और बच्चियों के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। बीजेपी पुलिस का गलत इस्तेमाल करती है। उन पर गलत काम करने का दबाव बनाती है। पहले भी सपा के कई नेताओं के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया और फर्जी मुकदमों में जेल भेजा गया।

## दिल्ली कंझावला केस: निधि ने तीन महीने पहले ही खरीदा था 16 लाख में मकान




**नई दिल्ली।** कंझावला हादसे में मृतक अंजलि की सहेली निधि अपने पहले बयान के बाद से ही लगातार सवालों के घेरे में है। उसको लेकर रोज नए-नए खुलासे हो रहे हैं। पहले यह जानकारी सामने आई थी कि वह 2020 में आगरा में भारी मात्रा में गांजे के साथ पकड़ी जा चुकी है। वहीं अब यह बात सामने आई है कि निधि ने करीब तीन महीने पहले अपना खुद का मकान खरीदा था, जो सुल्तानपुरी सी-ब्लॉक में है, जिसके लिए निधि ने 16 लाख रुपये चुकाए थे। स्थानीय लोगों के मुताबिक उसने कुछ महीने पहले 16 लाख रुपये में मकान खरीदा था। वह मकान में अकेली रहती थी और मकान का दो मंजिल किराएदार को दे रखा है। हाल ही में उसने स्कूटी भी खरीदी थी। आस-पड़ोस के लोगों को यह नहीं पता है कि वह क्या काम करती है। जबकि, उसकी मां दया बस्ती रेलवे कॉलोनी में स्थित घरों में साफ-सफाई करती है। वहीं सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि निधि को उसके भाई ने घर से भी बाहर निकाल रखा था। निधि को मकान दिलाने वाले प्रॉपर्टी डीलर से जब बातचीत की तो उसने बताया कि उसने ही निधि को मकान दिलवाया था। प्रॉपर्टी डीलर ने बताया कि कुछ महीने पहले सुल्तानपुरी में निधि ने 25 गज का मकान खरीदा था। मकान खरीदने के लिए उसने मकान बेचने वाले को नकद राशि दी थी।

प्रॉपर्टी डीलर सोनू ने बताया कि निधि अपनी मां और अन्य रिश्तेदार के साथ उसके पास आई थी। दो लाख रुपये बयाना उसने अपनी मां के नाम से कराया और मकान उसने अपने नाम रजिस्ट्री कराई। फिलहाल पुलिस लगातार निधि से संबंधित अन्य जानकारियां भी निकाल रही है। अब निधि भी इस पूरे मामले में कहीं न कहीं सवालों के घेरों में फंसती दिखाई दे रही है। उल्लेखनीय है कि बाहरी दिल्ली के सुल्तानपुरी में नए साल के जश्न के बीच 23 साल की अंजलि की दर्दनाक मौत हो गई थी।

## महाराष्ट्र राज्यपाल बोले- गर्वनर बनने का बाद खुश नहीं हूं



**मुंबई:** महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी अपने एक बयान को लेकर फिर चर्चा में आ गए हैं। एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि 'वे राज्यपाल बनने के बाद खुश नहीं है, उन्हें लगता है कि वह सही जगह पर नहीं हैं।' कोश्यारी ने कहा कि जब राजभवन में सन्यासी आते हैं तब मुझे खुशी होती है। महाराष्ट्र राज्यपाल के इस बयान के बारे में बीजेपी ने कहा कि इस बयान को विवाद के चश्मे से देखना मुनासिब नहीं रहेगा।

**पहले भी कोश्यारी के बयानों पर बवाल हुआ है:** यह कोई पहला मौका नहीं है जब भगत सिंह कोश्यारी का बयान सुर्खियों में हो। इससे पहले उन्होंने 19 नवंबर को औरंगाबाद में एक यूनिवर्सिटी के कार्यक्रम में शिवाजी को पुराने दिनों का आइकॉन कहा था। कोश्यारी के साथ इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता नितिन गडकरी और एनसीपी प्रमुख शरद पवार भी मौजूद थे।

## भारत-पाक सीमा: किसानों की जमीन तारबंदी मुक्त होगी



**चंडीगढ़:** पंजाब के सीमावर्ती किसानों की जमीन जल्द ही तारबंदी से मुक्त होगी। भारत-पाक सीमा पर फेंसिंग लाइन को आगे करने का पायलट प्रोजेक्ट पठानकोट क्षेत्र में शुरू कर दिया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय और बीएसएफ साढ़े 8 किलोमीटर के दायरे में पायलट प्रोजेक्ट का ट्रायल कर रहे हैं। इस प्रोजेक्ट के तहत अंतरराष्ट्रीय मानकों को ध्यान में रखते हुए जीरो लाइन से 200 मीटर तक करने का प्लान है। बता दें कि अभी यह कई जगह 400 मीटर से भी ज्यादा है। जबकि अंतरराष्ट्रीय मानक 150 मीटर का है। पंजाब सरकार ने भी यह सुझाव दिया था कि इसे 200 मीटर तक कर लेना चाहिए। केंद्र और राज्य की सहमति से शुरू हुआ यह प्रोजेक्ट सफल होता है तो सीमा क्षेत्र के किसानों को राहत मिलेगी। तारबंदी के चलते अभी किसानों की काफी उपजाऊ जमीन या तो खाली पड़ी है या फिर किसान उस पर सीमित खेती कर रहे हैं। गृह मंत्रालय की बॉर्डर मैनेजमेंट विंग की टीम ने भी हाल में इंजीनियरों के साथ इस क्षेत्र का दौरा कर संभावनाओं का विश्लेषण किया है। गौरतलब है कि पंजाब सहित राजस्थान के कई सीमावर्ती क्षेत्रों में बरसों से किसान इस जमीन का उपयोग करने की मांग करते रहे हैं। पंजाब के सीएम भगवंत मान ने भी केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के समक्ष यह प्रस्ताव रखा था कि यदि केंद्र यह फैसला करता है तो हजारों किसानों को फायदा होगा।

**नई व्यवस्था से क्या बदलेगा:** केंद्रीय मंत्रालय यदि पायलट प्रोजेक्ट से संतुष्ट होता है तो तारबंदी आगे करने से किसानों की काफी जमीन बाहर हो जाएगी। किसानों को खेती करना बहुत आसान हो जाएगा। सुरक्षा और मजबूत होगी साथ ही बीएसएफ के लिए भी थोड़ी आसानी होगी। अभी बड़ी संख्या में जवान इस व्यवस्था में भी लगते हैं।

### इसमें महिलाएं भी शामिल, हमले में मारे गए लोगों की संख्या 7 हुई

## राजौरी आतंकी हमले में 18 लोग हिरासत में लिए गए



**श्रीनगर:** जम्मू-कश्मीर के राजौरी में हुए आतंकी हमले के मामले में पुलिस ने 18 लोगों को हिरासत में लिया है। इसमें कुछ महिलाएं भी शामिल हैं। राजौरी के एसएसपी मोहम्मद असलम ने इसकी पुष्टि की है। वहीं, रविवार को 1 जनवरी की शाम को हुई फायरिंग में घायल एक और युवक प्रिंस शर्मा की मौत हो गई। इसके बाद मरने वालों की संख्या 7 पहुंच गई है। इनमें 2 बच्चियां भी शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि राजौरी के डांगरी गांव में हुए आतंकी हमले के आरोपियों का पता लगाने के लिए सर्च ऑपरेशन चल रहा है। जांच और पूछताछ में हमें कुछ अहम सुराग मिले हैं। ऐसा लग रहा है कि राजौरी शहर के पास कुछ गांवों में आतंकी छिपे हुए हैं। जांच सही दिशा में चल रही है। जल्द ही इस हमले की गुत्थी सुलझ जाएगी।

**हमले के बाद राजौरी में ग्राम रक्षा समिति का कैंप:** हमले के बाद राजौरी जिले के कई गांवों में 5 जनवरी को ग्राम रक्षा समिति (वीडीसी ) का कैंप लगाया गया। इसमें उन लोगों के नामों की लिस्ट बनाई गई, जो वीडीसी का सदस्य बनना चाहते हैं। इन लोगों को एलएमजी जैसे आधुनिक हथियार दिए जाएंगें। हमले के बाद डांगरी के सरपंच धीरज शर्मा ने बताया था कि क्षेत्र में एक ग्राम रक्षा समिति ( वीडीसी ) थी, लेकिन पुलिस ने 60 साल से ज्यादा उम्र के लोगों से हथियार ले लिए थे।

## सांसद प्रज्ञा ठाकुर के खिलाफ पूर्व ब्यूरोक्रेट्स का पत्र: एक्शन लेने की मांग




**नई दिल्ली:** 103 पूर्व नौकरशाहों के एक समूह ने मध्य प्रदेश के भोपाल से भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर के खिलाफ पत्र लिखकर लोकसभा अध्यक्ष और आचार समिति से कार्रवाई की मांग की है। इसमें कहा गया है कि प्रज्ञा ने कर्नाटक के शिवमोगा में कथित हेट स्पीच देते हुए हिंदुओं से हथियार रखने का आग्रह किया था। पूर्व अधिकारियों के पत्र में कहा गया है कि ऐसा लगता है कि उन्होंने अपने खिलाफ लगाए जा रहे आपराधिक आरोपों से बचने के लिए अपने शब्दों को चतुराई से चुना, क्योंकि उनके भाषण को केवल आत्मरक्षा के आह्वान के रूप में देखा जा सकता है। पत्र में आरोप लगाया गया है कि वह हिंदुओं को स्पष्ट रूप से कह रही थी कि उन्हें गैर-हिंदुओं के हमलों से डरना होगा। हालांकि ह्यमुस्लिम' शब्द का इस्तेमाल नहीं किया गया था। पत्र में कहा गया है कि अपने भड़काऊ शब्दों से प्रज्ञा ठाकुर ने न केवल भारतीय दंड संहिता के तहत कई अपराध किए हैं, बल्कि उन्होंने भारत के संविधान को बनाए रखने के लिए संसद सदस्य के रूप में ली गई शपथ का भी उल्लंघन किया है, जो जीवन और स्वतंत्रता के अधिकारों पर आधारित है। पत्र में कुछ सामाजिक संगठनों की याचिका का भी उल्लेख किया गया है जिसमें लोकसभा अध्यक्ष से प्रज्ञा को सांसद के रूप में अयोग्य घोषित करने के लिए कहा गया है।

# पूर्व राज्यपाल व यूपी विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष स्व0 श्री केसरी नाथ त्रिपाठी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दी श्रद्धांजलि

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी रविवार को पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल एवं उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्व0 श्री केशरीनाथ त्रिपाठी जी के आवास पर पहुंचकर उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किये तथा उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि दी, तथा ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की एवं शोक संतप्त परिवार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री जी ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि स्व0 श्री केशरीनाथ त्रिपाठी जी भारतीय जनता पार्टी के एक वरिष्ठ नेता थे। वे एक विचारवान, वरिष्ठ कार्यकर्ता थे। कहा कि उन्हें जो भी दायित्व सौंपे गये, उसका उन्होंने सफलतापूर्वक निर्वहन किया। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उनकी एक विचारधारा के प्रति प्रतिबद्धता, समाज के प्रत्येक तबके को साथ लेकर चलने की सामर्थ्य, एक उत्कृष्ट अधिवक्ता, संविधानविद्, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष या विधानसभा के अध्यक्ष और एक राज्यपाल के रूप में सभी दायित्वों का उन्होंने कुशलतापूर्वक निर्वहन किया। कहा कि आज प्रातः 89 वर्ष की उम्र में उन्होंने अपनी भौतिक देह को छोड़कर परम धाम की यात्रा पर प्रस्थान किये है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इस अवसर पर वे प्रदेश शासन की ओर से और प्रदेश की जनता की ओर से उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए यहां पर आये हुए है। उन्होंने कहा कि स्व0 श्री केशरीनाथ त्रिपाठी जी ने सहजता, सरलता, विद्वता एवं समन्वय का जो एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है, आज उस एक युग का अंत हुआ है। इस अवसर पर हम उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते है। मुख्यमंत्री जी के अलावा विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, जल शक्ति मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह, मंत्री श्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी, सांसद रीता बहुगुणा जोशी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों ने स्व0 श्री केशरीनाथ त्रिपाठी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।



स्वर्गीय श्री केशरी नाथ त्रिपाठी जी के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## खबर संक्षेप

### आज भरवारी मे त्वचा रोग विशेषज्ञ मरीजों का करेंगे उपचार

**भरवारी कौशांबी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के बृजेश मेमोरियल अस्पताल मेहता रोड में देश के सुविख्यात चिकित्सक महात्मा गांधी अस्पताल के त्वचा रोग विशेषज्ञ 09 जनवरी को समय 9 बजे सुबह से 3 बजे तक मरीजों का इलाज करने के लिए पहुँच रहे हैं त्वचा रोग से संबंधित जैसे झुर्रियां पड़ना मुंहासे सफेद दाग होना आदि गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों को परामर्श वा इलाज चिकित्सक द्वारा किया जाएगा। बृजेश मेमोरियल अस्पताल के चिकित्सक ने बताया कि अस्पताल में प्रत्येक मर्ज के चिकित्सकों को बुलाकर मरीजों को बेहतर लाभ पहुंचाना है।

### एक वारंटी किया गया गिरफ्तार

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र प्रयागराज पुलिस आयुक्त प्रयागराज रमित शर्मा के निर्देश पर समाज में शांति व्यवस्था कायम रखने व अपराध एवम अपराधियो के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत उपायुक्त यमुना नगर सौरभ दीक्षित के निर्देशन में सहायक उपायुक्त करछना के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष औद्योगिक क्षेत्र संजीव कुमार चौबे के कुशल नेतृत्व में उप निरीक्षक चंद्रपाल सिंह व उनकी पुलिस टीम द्वारा एक वारंटी अभियुक्त जितेंद्र कुमार पुत्र राज कुमार को माननीय न्यायालय क. स. 21 इलाहाबाद से निर्गित रिकवरी गिरफ्तारी वारंट के क्रम में परिवाद संख्या 7816/2018 में किया गया गिरफ्तार।

## उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दी विनम्र श्रद्धांजलि

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जी रविवार को पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल एवं उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्व0 श्री केशरीनाथ त्रिपाठी जी के आवास पर पहुंचकर उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी तथा ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की एवं शोक संतप्त परिवार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की।



## पूर्व राज्यपाल केसरीनाथ पंचतत्व में विलीन

### शवयात्रा में उमड़ी भारी भीड़, बेटे ने दी मुखाग्नि

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल और यूपी विधानसभा के अध्यक्ष रहे केसरीनाथ त्रिपाठी रविवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। दारागंज घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। बेटे नीरज त्रिपाठी ने पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी। इसके पहले सिविल लाइंस स्थित आवास से उनकी शव यात्रा निकाली गई। इसमें हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। शहर के कई इलाकों से होते हुए शवयात्रा दारागंज घाट पर पहुंची। यहां पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।यहां विधि विधान से उनका अंतिम संस्कार किया गया। शहर दक्षिणी के कई बार विधायक और कई बार विधानसभा के अध्यक्ष रह चुके केसरीनाथ त्रिपाठी की गिनती देश के जाने माने विद्वानों और संविधानविदों में होती थी। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल रहने के दौरान उनके पास मेघालय, त्रिपुरा, मिजोरम और बिहार राज्यों का भी अतिरिक्त प्रभार रहा। इलाहाबाद हाईकोर्ट में बतौर अधिवक्ता 50 वर्ष वकालत करने के लिए उन्हें सम्मानित भी किया जा चुका था।राष्ट्रपति द्रौपती मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, विधानसभा अध्यक सतीश महाना आदि ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।



### 8 वीं तक के स्कूल 10 जनवरी तक बंद

## प्रयागराज में ठंड को देखते हुए डीएम ने जारी किया आदेश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** भीषण ठंड के चलते प्रयागराज जनपद के सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों को 10 जनवरी तक बंद करने का आदेश दिया गया है। शासन के निर्देश पर कक्षा 8वीं तक के सरकारी स्कूल पहले ही 31 जनवरी से 15 जनवरी तक बंद चल रहे हैं। अब प्राइवेट स्कूलों को भी 10 जनवरी तक बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। प्रयागराज में भीषण ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन ने निर्णय लिया है कि 10 जनवरी को एक बार फिर ठंड की समीक्षा की जाएगी। जिलाधिकारी संजय खत्री ने दैनिक भास्कर को बताया कि अगर ऐसे ही ठंड रहती है तो 10 जनवरी के बाद भी स्कूलों की छुट्टी जारी रहेगी।

**संगम नगरी में गलन भरी सर्दी ने कंपकंपाया :**

संगम नगरी में पिछले एक सप्ताह से पड़ रही गलन भरी सर्दी ने लोगों को कांपने पर मजबूर कर दिया है। रविवार को कड़ाके की ठंड के बीच थोड़ी धूप भी निकली थी, लेकिन गलन से राहत नहीं मिली। गलन के आगे धूप निष्प्रभावी रही। अधिकतम पारा लुढ़ककर 18 जबकि न्यूनतम पारा 7 डिग्री तक पहुंच गया है। शाम को 7 बजे 12 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। सुबह और शाम को अधिकतम और न्यूनतम पारा के बीच अंतर कम होने के कारण लोगों को सर्दी ने काफी परेशान किया। थोड़ी ही देर में लोगों के हाथ और पैर ठंडे होते दिख रहे थे। सर्दी बढ़ने के बाद लोग टोपी, मोफलर और गर्म कपड़ों से लैस दिखे।

**अभी ठंडी से राहत नहीं मिलेगी :**

इलाहाबाद विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के अध्यक्ष व प्रसिद्ध मौसम विज्ञानी प्रो. एआर सिद्दीकी ने बताया कि आने वाले दिनों में गलन भरी सर्दी और शीतलहर का प्रकोप और बढ़ेगा। न्यूनतम पारा और अधिकतम पारे में अंदर और कम होगा, जिससे दिन में भी गलन भरी सर्दी और शीतलहर चलेगी। बुधवार के पारा न्यूनतम गिरकर 6 डिग्री तक जाएगा। यह स्थिति 24 जनवरी तक रहने वाली है। अधिकतम तापमान 20 से 22 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री के आसपास रहेगा। ऐसी स्थिति पहाड़ों पर पड़ रही भीषण बर्फ के कारण रहेगी।

## अतीक के साढू समेत आठ पर एफआईआर

### अनुसूचित जाति के व्यक्ति के घर पर फायरिंग और छेड़खानी का मामला

**प्रयागराज।** धूमनगंज थाने में अतीक के साढ़ू इमरान समेत आठ के खिलाफ फायरिंग, मारपीट और छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कराया गया है। घटना 31 अक्तूबर की बताई जा रही है। अनुसूचित जाति के व्यक्ति के घुसकर छेड़खानी, मारपीट और फायरिंग की गई थी। मामला जमीन पर कब्जे से जुड़ा हुआ है। राजरूपपुर के रहने वाले एक शख्स ने कुछ दिन पहले लखनऊ में पुलिस महानिदेशक (विशेष जांच) को प्रार्थनापत्र दिया था। उसी तहरीर के आधार पर दो जनवरी को अतीक के साढ़ू इमरान, इमरान के भाई जीशान, समीर, सनी, सनकी, मोहम्मद मेराज, आलम और मकसूद के खिलाफ एससीएसटी एक्ट, छेड़खानी, पाक्सो एक्ट, हत्या के प्रयास समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। राजरूपपुर के शख्स के मुताबिक जीशान की नजर उसकी संपत्ति पर है। वह कई बार धमकी दे चुका था। उसके साथ तमाम लोग अतीक का नाम लेकर सालों से धमकी दे रहे हैं। 2020 में उसके घर का एक हिस्सा भी गिरा दिया था। 31 अक्तूबर 2022 को आठ लोग उसके घर असलहे लेकर घुसे और जमकर तोड़फोड़ की। फायरिंग और घर की लड़कियों महिलाओं के साथ सरेआम छेड़खानी की।धमकी दी कि जमीन का बैनामा नहीं किया तो जान से मार दिया जाएगा। 20 लाख रुपये रंगदारी भी मांगी। इस मामले में पुलिस में शिकायत की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। इस कारण पुलिस महानिदेशक से शिकायत की गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## महिला वकील ने डाकघर में कर्मचारी को जड़े थप्पड़

**प्रयागराज।** महिला वकील ने कचहरी डाकघर में कर्मचारी को थप्पड़ मारने का वीडियो सामने आया है। जिसमें दिखाई दे रहा है कि महिला वकील पहले काउंटर पर बैठे कर्मचारी को दो-तीन थप्पड़ मार रही हैं। बगल में बैठी महिला कर्मचारी से भी मारपीट कर रही है। जिसके बाद महिला वकील ने अपने साथियों को बुला लिया। डाकघर पहुंचे वकीलों ने दो और कर्मचारी को पीट दिया। साथ ही हंगामा करने लगे। सूचना पाकर पहुंची कर्नलगंज पुलिस ने मामला शांत कराया। घटना शनिवार दोपहर की है। सीओ कर्नलगंज राजेश कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। वीडियो के आधार पर जांच की जा रही है।जिला कोर्ट में प्रैक्टिस कर रही महिला वकील अंकिता शर्मा पति प्रशांत शर्मा कचहरी डाकघर में कागज रजिस्ट्री कराने के लिए पहुंची थीं। रजिस्ट्री काउंटर पर डाक कर्मचारी सज्जन कुमार बैठे थे। डाक कर्मचारियों का कहना है कि महिला वकील काउंटर पर जल्दी करने की बात कह रहीं थी। वह काउंटर से सीधे अंदर पहुंच गईं और कर्मचारी सज्जन कुमार से विवाद हो गया। देखते ही देखते महिला वकील ने कर्मचारी को थप्पड़ मार दिया। वहां मौजूद स्टाफ बीच बचाव करने लगे। सुरक्षाकर्मी भी पहुंचकर उन्हें बाहर निकलने के लिए कहा तो वकील सुरक्षाकर्मी से हाथापाई करने लगे। डाककर्मियों का कहना है कि महिला वकील ने कई और वकीलों को बुला लिया। इसके बाद विवाद और बढ़ गया।डाककर्मी माहौल खराब होते देख वहां से हट गए। वकीलों ने वहां खड़े दो पोस्टमैन को ही पीट दिया।कचहरी डाकघर में तैनात कर्मचारियों का कहना है कि यहां ज्यादातर वकील ही आते हैं। ऐसे में आए दिन यहां किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता ही रहता है।मगर, शनिवार को महिला वकील ने स्टाफ को पीट दिया और गाली गलौज करने लगी। डाककर्मियों का कहना है कि महिला वकील जब भी डाकघर में आती हैं तो काउंटर के बजाय सीधे अंदर आकर तुरंत काम कराने की जिद करने लगती हैं न करने पर गाली गलौज करती हैं।





## सांवरी सूरत पे मोहन दिल दिवाना हो गया... 'गाथा' में बही भक्ति की बयार

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (एनसीजेडसीसी) के सभागार में शनिवार की शाम लोककलाकारों ने नृत्य, कला और संगीत की ऐसी महफिल सजाई कि दर्शक दीर्घा में बैठे लोग मंत्रमुग्ध हो गए। लोक धुनों से सजे लोकगीत मनभावन तो होते ही हैं, साथ ही उद्देश्य परक भी होते है।

अपनी बात, दर्द और पीड़ा को अल्फाज देने का सबसे बेहतरीन माध्यम लोकगीत होते हैं। इसकी खूबसूरत बानगी शनिवार शाम उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र में उस समय देखने को मिली जब स्वर्ग रंगमंडल के लोक कलाकारों ने 'गाथा' कार्यक्रम की मनभावन प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। गाथा में गीतों का चयन इस खूबसूरती से किया गया कि बगैर किसी लाग लपेट के दर्शकों की निरंतर तालियां कार्यक्रम की सफलता का बयान करती रहीं। लोकगीतों की कर्णप्रिय ध्वनियों और समापन में होली गीत- साँवरी सूरत पर मोहन दिल दिवाना हो गया... पर लोकनृत्य की सप्तरंगी छटा दर्शकों को लुभाती रही। स्वर्ग रंगमंडल द्वारा 'गाथा' के तहत प्रस्तुत लोकगीतों की सुमधुर प्रस्तुति ने प्रेक्षागृह में आए कला रसिकों एवं सुधिजनों के हृदय के तारों को झंकृत किया, साथ ही लोकगीतों की धुनों पर भावों से सराबोर कर देने वाले लोकनृत्यों ने भी कार्यक्रम में समा बांध दिया। प्रस्तुति की शुरूआत देवी गीत के साथ करते हुए कलाकारों ने विभिन्न अवसरों पर गाए जाने वाले पारंपरिक लोकगीतों में गंगा गीत, पराती गीत, चैती, कजरी, बसंत गीत होली गीतों के साथ कृष्ण के संग हंसी ठिठोली के साथ ही उनके मोहक रंग-रूप के रूपक प्रेम गीत की रसधार से सभी को मोहित किया। कार्यक्रम का संचालन कृष्ण कुमार मौर्य ने बड़े ही सहज और सधे अंदाज में किया। कार्यक्रम संयोजन शिव प्रकाश सरस्वती का रहा। 'गाथा' कार्यक्रम की रूपरेखा एवं निर्देशन लोक नाट्य विद अतुल यदुवंशी ने किया। प्रस्तुति में प्रिया मिश्रा, शिल्पी यदुवंशी, श्रद्धा देशपांडे, शिवानी कश्यप, अनन्या मोहिले, शांता सिंह सहित नीरज अग्रवाल, धीरज अग्रवाल, सचिन केसरवानी, मनोज कुमार, संदीप शुक्ला, आर्यन मोहिले एवं शुभम श्रीवास्तव ने स्वर प्रदान किया। लोकनृत्य का निर्देशन प्रिया मिश्रा ने किया, जिसमें जूही दुबे, सरगम लता, तुन सोनकर आदि ने मंच पर प्रस्तुति दी।


### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश हाई स्कूल वर्ष 2002 अनुक्रमांक 12 17500 वा इंटरमीडिएट वर्ष 2004 अनुक्रमांक 055 6467 का अंकपत्र प्रमाण पत्र कहीं खो गया है छत्रपति शाहूजी महाराज बीए वर्ष 2008 अनुक्रमांक 6007805 का अंकपत्र तथा स्टेट मेडिकल फैकेल्टी सर्टिफिकेट वर्ष 2016 नंबर 45866 कहीं खो गया है काफी प्रयास के बाद नहीं मिल सका है जिस सज्जन को मेरे शिक्षा प्रमाण पत्र मिले वह नीचे लिखे पते पर पहुंचाने का कष्ट करें।

**कुमारी अर्चना देवी पुत्री ज्ञानेंद्र सिंह निवासी मोहिनी नीवी जनपद चित्रकूट**


## पीत पत्रकारिता से बचें और ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी निभाएं :अयोध्या प्रसाद



**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बारा तहसील इकाई की आवश्यक बैठक तहसील के अधिवक्ता सभागार में रविवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष अयोध्या प्रसाद केसरवानी ने कहा, पत्रकारों की एकता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। ग्रापए पत्रकार साथियों के हितों के लिए हमेशा से संघर्षरत रहा है और एसोसिएशन का यह संघर्ष हमेशा जारी रहेगा। उन्होंने सभी साथियों का आह्वान करते हुए कहा कि वह पीत पत्रकारिता से बचें और ईमानदारी से समाज के चौथे स्तंभ के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने आगामी चार फरवरी को माघ मेला क्षेत्र में जिला सम्मेलन का आयोजन किए जाने की जानकारी देते हुए सभी पत्रकार साथियों से आयोजन को सफल बनाने की अपील की। बैठक में सर्वसम्मित से जिलाध्यक्ष के द्वारा राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ पिंटू सिंह (जारी) को तहसील अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिला संरक्षक शोभनाथ कुशवाहा ने कहा, ग्रापए आज पूरे प्रदेश में सबसे बड़ा संगठन है, जिसकी धुरी ग्रामीण पत्रकारिता है और हम सभी को ग्रामीण पत्रकारिता को मजबूत करने की आवश्यकता है। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला कोषाध्यक्ष शिवमूरत केसरवानी, मंडल महासचिव प्रमोद बाबू झा, जिला उपाध्यक्ष लालचंद पटेल, जिला महामंत्री दिलीप केसरवानी, जिला मंत्री छेदीलाल साहू, जिला मंत्री आलोक गुप्ता, पूर्व तहसील अध्यक्ष अमर सिंह, विनोद शुक्ला, गुड्डू द्विवेदी, नीरज श्रीवास्तव, रोहन केसरवानी, सोनू सिंह बघेल, विकास चंद्र शुक्ला, गिरजा शंकर सिंह, राजेश केसरवानी, राजेश सोनकर, रोहित शर्मा, बलवीर सिंह, भूषण सिंह, रमेश सिंह, रामबाबू पटेल, अखिलेश यादव, दयाशंकर पांडेय, नागेश प्रताप सिंह समेत तमाम पत्रकार मौजूद रहे। संचालन जिला महामंत्री दिलीप केसरवानी ने किया। अंत में कार्यक्रम के संयोजक तहसील अध्यक्ष पिंटू सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन की बैठक संस्कार सदन में संपन्न

**नैनी।** नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन की एक बैठक संस्कार सदन नैनी में संपन्न हुई जिसमें संगठन के विस्तार, सदस्यता अभियान, वार्षिक सम्मेलन सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार शशिकांत तिवारी ने किया एसोसिएशन के राष्ट्रीय संयोजक जगदम्बा शुक्ल व महानगर इकाई प्रयागराज के संयोजक सूर्यप्रकाश त्रिपाठी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कवि रामनाथ त्रिपाठी द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना के बाद बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अखिलेश मिश्र ने पत्रकारों से निष्पक्ष पत्रकारिता करने की अपील की। उन्होंने उपस्थित पत्रकारों को आश्वस्त किया कि संगठन उनके सम्मान की सुरक्षा करने के लिए कटिबद्ध है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शशिकांत तिवारी ने पत्रकारों को एकजुट रहते हुए ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य महासचिव महानगर सुनील गिरि ने कहा कि पत्रकार विभिन्न विषम परिस्थितियों में काम करते हैं ऐसी स्थिति में उनका स्वास्थ्य बीमा होना आवश्यक है। बैठक को प्रांतीय मुख्य महासचिव महमूद आलम, महानगर संरक्षक सूर्य प्रकाश त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार आर पी शर्मा, मंडल अध्यक्ष आलोक त्रिपाठी, उपाध्यक्ष आर के शर्मा, गंगापार अध्यक्ष शास्वत, यमुनापार अध्यक्ष प्रेमानंद मिश्र, महानगर अध्यक्ष एस के यादव, यमुनापार मीडिया प्रभारी अखिलेश त्रिपाठी, रूपनारायण त्रिपाठी, सुशील पाण्डेय, मोहित निषाद, आशुतोष शुक्ल आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला मुख्य महासचिव राजेन्द्र सिंह ने किया। बैठक के अंत मे राष्ट्रीय संयोजक जगदम्बा शुक्ल ने एसोसिएशन की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए लोगों से राष्ट्रीय, प्रांतीय, मंडल, जिला एवं तहसील स्तर पर संगठन की कार्यकारिणी के पुनर्गठन सहित वार्षिक सम्मेलन पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में मोहम्मद अयाज, अजय द्विवेदी, राजेश निषाद, अनूप जायसवाल सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे।




### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश हाई स्कूल वर्ष 1995 अनुक्रमांक 1786 935 वा इंटरमीडिएट वर्ष 1997 अनुक्रमांक 513 919 का मेरा अंकपत्र व प्रमाण पत्र कहीं खो गया है मेरा बीए वर्ष 2000 अनुक्रमांक 314 886 वा एमए वर्ष 2002 अनुक्रमांक 94 5956 का अंकपत्र कहीं खो गया है काफी प्रयास के बाद नहीं मिला है जिस सज्जन को मिले नीचे लिखे पते पर पहुंचाने का कष्ट करें।

**पंकज कुमार पुत्र स्वर्गीय रामचंद्र निवासी नेता नगर मंझनपुर जनपद कौशांबी मोबाइल नंबर 85 7442 8921**

# पूर्व राज्यपाल केशरीनाथ त्रिपाठी को भाजपाईयों ने दी श्रद्धांजलि

## प्रतापगढ़ से भी केशरीनाथ का था जुड़ाव

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर पार्टी के कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों की एक शोक सभा पार्टी के अध्यक्ष हरिओम मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित की गई। आयोजित शोक सभा में पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल और भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित केशरीनाथ त्रिपाठी के निधन पर पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति व इस दुख की घड़ी में परिजनों को साहस प्रदान करने हेतु दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की।

वहीं दूसरी ओर निधन की खबर मिलते ही भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्र, भाजपा के जिला प्रवक्ता राघवेंद्र नाथ शुक्ल सहित अन्य पदाधिकारियों ने प्रयागराज पहुंचकर पंडित केसरीनाथ त्रिपाठी को श्रद्धांजलि अर्पित किया। इधर पार्टी कार्यालय पर आयोजित शोक सभा में जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्र ने पंडित के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि पंडित जी का भारतीय संस्कृति में अटूट विश्वास था। उनके राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में की बहुमूल्य सेवाओं को लंबे समय तक महसूस और याद किया जाता रहेगा।

भाजपा के जिला प्रवक्ता राघवेंद्र नाथ शुक्ला ने पंडित जी के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि पंडित जी संवैधानिक मामलों के अच्छे जानकार थे। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से राजेश सिंह महामंत्री पवन गौतम अशोक मिश्रा आशीष श्रीवास्तव सतीश चैरसिया अशोक सरोज रामजी मिश्रा अनुराग मिश्रा देवेश त्रिपाठी गिरीश त्रिपाठी पवन सिंह पवन श्रीवास्तव भूपेश त्रिपाठी पिंटू तिवारी गजराज सिंह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



केशरीनाथ के शव को नमन करते भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र।

# न्यू एंजिल्स के बच्चों ने कानपुर आईआईटी में देखा एशिया की सबसे बड़ी डिजिटल लाइब्रेरी

## हवाई जहाज बनाने के सिद्धान्त को भी जाना

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल के कक्षा 12 गणित के छात्र, छात्राओं ने विद्यालय कैम्पस से एजुकेशनल टूर आई.आई.टी. कानपुर के लिये प्रातः सात बजे प्रस्थान किया। प्रधानाचार्य बी के सोनी, 26 छात्र, 4 छात्राओं और अध्यापक रवि कुमार सिंह, अभिषेक सिंह, प्रवीन सिंह, अध्यापिकाओं मंजू मिश्रा और नेहा खण्डेलवाल के साथ विद्यालय बस से आई.आई.टी. कानपुर दोपहर 12.15 बजे पहुँचे।

इस दौरान आई. आई.टी. कानपुर में न्यू एन्जिल्स के कुछ पुराने छात्र भी सबका इन्तेजार करते मिले। आई. आई. टी.कानपुर के गेट पर पहुँचते ही वहाँ की सिक्योरिटी वैन स्कूल बस को लेकर अन्दर गयी जहाँ से गाइड के साथ सबसे पहले फ्लाइट लैबोरेट्री ले जाया गया जहाँ बच्चों को हवाई जहाज बनाने के सिद्धान्त के बारे में बताया गया। वहाँ से सभी लोग डिजिटल लाइब्रेरी गये जो एशिया महाद्वीप की सबसे बड़ी लाइब्रेरी है दोपहर का स्वादिष्ट भोजन लेते समय भगवान भास्कर भी प्रसन्न होकर प्रकट हो गये। बच्चों ने भोजन के उपरान्त खिली हुई धूप का आनन्द भी लिया। तदुपरान्त सभी छात्र छात्राएं अध्यापक अध्यापिकाएं कम्प्यूटर सेकशन में गये आडिटोरियम में भी आनन्द लिया। सभी बच्चे बहुत खुश थे कुछ बच्चों ने तो आई. आई.टी. कानपुर, से निकट भविष्य में इन्जीनियर बनने का सपना संजो लिया। यादें लेकर बच्चे वापस प्रतापगढ़ की ओर देर रात पहुंचे।



आईआईटी कानपुर से निकलते न्यू एंजिल्स स्कूल के बच्चे।

## नगर पालिका जलवा रहा है 50 स्थानों पर अलाव

**प्रतापगढ़।** इस भीषण ठंड में लोगों को राहत देने के लिये नगर पालिका शहर में 50 स्थानों पर अलाव की व्यवस्था कर रखी है। बता दें कि पहले 20 स्थानों पर नगर पालिका अलाव जलवा रही थी। एक सप्ताह पूर्व इसकी संख्या बढ़ाकर 30 कर दी गई थी और अब जब विगत पांच दिनों से भयंकर ठंड पड़ रही है तो नगर पालिका ने अलाव स्थल की संख्या बढ़ाकर 50 कर दी है। केवल कचहरी और दीवानी परिसर में 20 स्थलों पर अलाव जलवाये जा रहे हैं। नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह के निर्देषन में अलाव को अधिक से अधिक स्थलों पर जलाने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा शहर के तीनों रैन बसेरों में 30 से 40 लोग रोजाना रुक रहे हैं। जिसमें अचलपुर आश्रय स्थल में लगभग 15 लोग, हादीहाल में 10 से 15 लोग, रोडवेज के सचल दल रैन बसेरा में रोजाना सात-आठ लोग आकर रुक रहे हैं, जहां रजाई, गद्दा, शौचालय, पानी की व्यवस्था सुलभ रहती है।

# बेसहारा पशुओं को एलायंस क्लब ने पहनाये वस्त्र

## जगह-जगह घूमकर बांटा जल व चारा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल प्रतापगढ़ द्वारा गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी भीषण सर्दी को देखते हुए बेसहारा पशुओं के संरक्षण का अभियान चलाया जा रहा है। सड़क पर लावारिस घूमते हुए गाय, बछड़े तथा भैंस इत्यादि को बोरे के कोट और बोरे का वस्त्र क्लब के अंतरराष्ट्रीय डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य की अगुवाई में पहना कर संरक्षित किया जा रहा है। जल, चारे तथा गुड़ इत्यादि की व्यवस्था भी क्लब की टीम कर रही है।

इसी क्रम में आज दहिलामऊ, पितईपुर, राजा पाल की टंकी तथा विवेक नगर के गली कूचे और चैराहों पर गाय तथा बछडो. को पकड़कर बोरे तथा बोरे के कोट से आवृत्त किया गया। पशुओं के संरक्षण के इस अभियान में सहयोग दे रहे अशोक अग्रवाल ने इस मानवीय अभियान की सराहना करते हुए कहा कि पशु अर्थव्यवस्था के बहुमूल्य अंग हैं। समाज के प्रत्येक व्यक्ति तथा संस्था को पशुओं की सुरक्षा करनी चाहिए पशुओं को घर तथा बाडो. में बाँध कर रखना चाहिए। घूमते पशु दुर्घटना के कारण बनते हैं। अभियान का नेतृत्व करने वाले क्लब के अंतरराष्ट्रीय डायरेक्टर तथा समर्पित समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि विगत वर्षों की भांति जरूरतमंदों को कंबल तथा पशुओं के आवरण वस्त्र आदि वितरण कर कार्य पूरे जाड़े के मौसम में चलता रहेगा। धरती पर पशुओ को भी जीने का उतना ही अधिकार है जितना मनुष्यों को। अभियान में सुरेश अग्रवाल, छेदीलाल, देवानंद, संतोष कुमार, दयाराम मौर्य, देवेंद्र कुमार, अनवर, शिवेश शुक्ला, परमानंद मिश्रा, सुरेश चंद्र पांडे, शिवम खंडेलवाल, आदर्श कुमार, संजय कनौजिया इत्यादि शामिल रहे।



बेसहारा पशुओं को वस्त्र पहनाते क्लब के पदाधिकारी।

## सड़क दुघर्टना में बीडीसी घायल

**परियावां, प्रतापगढ़।** लखनऊ प्रयागराज नेशनल हाइवे पर रविवार की दोपहर नवाबगंज थाना क्षेत्र के सैफू का पुरवा गाव के सामने कुसुवापुर से बाइक से अपनी क्लीनिक को हरदेव नगर सोनामऊ जा रहे डॉ सतपाल वर्मा बीडीसी व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सेखमोहम्मदपुर (48) वर्षीय को लखनऊ से प्रयागराज को जा रही कार चालक ने जोरदार टक्कर मार दिया टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गढ्ढे में चली गई जिसमें डॉ सतपाल घायल हो गए और कार चालक भी बाल बाल बच गया, जिनको साथी लोग उपचार के लिए ऊँचाहार ले गए ।

# निर्धन असहाय विकलांग को किया गया कम्बल वितरण

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्रा रविवार को विकास क्षेत्र कालाकांकर के परियावां माता मईया देबी मन्दिर परिसर में कुसुवापुर मण्डल अध्यक्ष मोहित मिश्रा की माता स्व0 किशोरा मिश्रा पत्नी राजेन्द्र मिश्रा की पहली पुण्य तिथि पर निर्धन असहाय व विकलांग को ऊनी कम्बल वितरण किया। मुख्य अतिथि के रूप में आये जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारतीय सनातन संस्कृति ऐसी है जो अपने से ऊपर उठकर गरीबो असहायों का आदर सम्मान करती है। सेवा ही धर्मो धर्मा है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने परियावां क्षेत्र के संजय कक्कड़ व डॉ सुशील पटेल को अंगवस्त्र व माला पहना कर सम्मानित किया। मुख्यतिथि के रूप में आये भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्रा को कुसुवापुर मण्डल अध्यक्ष मोहित मिश्रा व विशिष्ट अतिथि के रूप में आये बाबागंज भाजपा संगठन जिला महामंत्री एवं पूर्व प्रत्याशी पवन गौतम को धर्मेंद्र मिश्रा व डॉ मनोज पांडेय को मो0 तारिक फारूकी, संजय मौर्या ने माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया। इस मौके पर प्रकाश मौर्य, बबलू सोनकर, रामखेलावन पटेल प्रधान जनवामऊ, प्रदीप गुप्ता प्रधान कोराली, राजकुमार दुबे, मो0 आलम, सोनकर, इरफान अख्तर, विमल प्रजापति, प्रदीप पटेल, रमाकांत तिवारी, प्रमोद साहू, गौतम कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे।

## नहर मे पानी न आने से सूख रही फसलें, किसान चिन्तित

**लालगंज, प्रतापगढ़।** गेहूं तथा सरसों व मटर की फसल सिंचाई के अभाव मे सूखने को लेकर किसान चिंतित देखे जा रहे हैं। क्षेत्र के अठेहा रजबहा मे भी तक पानी न आने से किसानो मे गुस्सा भी पनप रहा है। अठेहा उदयपुर, रांकी रजबहा आदि के किसानों का कहना है कि नहर मे पानी न छोडे जाने से उनकी फसल सूख रही है। किसानो का यह भी आरोप है कि सिंचाई विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों से समस्या बताये जाने के बावजूद फसल सुरक्षा को लेकर सिंचाई का प्रबन्ध विभाग नही कर रहा है। ऐसे मे किसानो का कहना है कि उनकी आलू तथा मटर व सरसों तथा गेहूं की फसल लगातार सूख रही है। उमापुर के दयाराम वर्मा, मनीपुर के जमुना प्रसाद तिवारी, मंगापुर के पवन शुक्ल, पूरे गुरूबक्श के छेदी शुक्ला, आदि का कहना है कि नहर मे पानी न आने से किसान तो परेशान है किंतु अफसरो पर जरा सा भी जूं नही रेंग रही है। इस बाबत तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह से भी शनिवार को किसानो ने अपनी पीड़ा बतायी। तहसीलदार ने विभागीय अफसरो से बात कर प्रबन्ध कराए जाने का भरोसा दिलाया।

# डॉ० धर्मेन्द्र सिंह बने अभविप के प्रदेश उपाध्यक्ष



डा0 धर्मेन्द्र का फूल मालाओं से स्वागत करते कार्यकर्ता।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद काशी प्रान्त का 62वां प्रान्त अधिवेशन 2, 3 व 4 जनवरी को वाराणसी के सन्त अतुलानन्द कान्वेंट कॉलेज में सम्पन्न हुआ। प्रान्त अधिवेशन के अन्तिम दिन प्रतापगढ़ विभाग के विभाग प्रमुख डॉ० धर्मेन्द्र प्रताप सिंह को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद काशी प्रान्त के प्रान्त उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया।

प्रान्त मंत्री अतेंद्र सिंह को और प्रान्त सह मंत्री सुधानसुरंजन मिश्रा को बनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियो का फूल मालाओं से स्वागत अभिनंदन किया गया। नव नियुक्त पदाधिकारियो द्वारा शहर के निर्मल तिराहे पर स्वामी विवेकानंद की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री अमितदेव जिला संयोजक रमेश सिंह पटेल, अनिकेत मिश्रा, अमरमणि मिश्र, अतिथि शर्मा, ध्रुव शुक्ला, यशश्वी सिंह, ज्योति जायसवाल प्रान्त सह छात्रा प्रमुख, आदि लोग रहे।

## आदर्श नगर पंचायत को समस्याओं से नही है सरोकार

### अपूर्ण सामुदायिक शौचालय व दिखावा साबित हो रहा है वाटर एटीएम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** आदर्श नगर पंचायत को समस्याओं से जैसे कोई सरोकार ही नहीं है। नगर में लगे वाटर एटीएम दिखावा साबित हो रहे है तो वही एक वर्ष में भी सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो सका है।वही लोग खुले में शौच जाने को मजबूर हैं। इसके बावजूद लोगों की शिकायत का असर जिम्मेदारो पर नहीं पड़ रहा है।

स्थानीय नगर पंचायत के पूरे हरिकिशन में लगभग एक वर्ष से निमार्णाधीन सामुदायिक शौचालय का कार्य अपूर्ण पड़ा हुआ है। कार्यदायी संस्था की मनमानी के चलते अभी तक कार्य पूर्ण नहीं हो सका है।एक तरफ जहां स्वच्छता अभियान पर पानी फिर रहा है वही नगर वासी भी खुले में शौच जाने को मजबूर है।यही नहीं नगर वासियों के साथ ही दूर-दराज से आने-जाने वाले लोगो की प्यास को बुझाने के लिए नगर पंचायत द्वारा लगभग आधा दर्जन वाटर एटीएम लगाए गए है, लेकिन अधिकारियो की लापरवाही के चलते वह आए दिन खराब ही रहता है। इस समय तो खराब की बात तो दूर की है, कई वाटर एटीएम की तो टोटियां भी गायब हो गई है। राहगीर वाटर एटीएम को देखकर प्यास को बुझाने के लिए उसके पास तक जाते तो है लेकिन अंत में उन्हें निराश ही होकर लौटना पड़ता है। यही नहीं लालगंज चैराहे पर लगी घड़ी भी महीनो से समय बताना बंद कर दी है। अब इन सभी समस्याओं को जानते हुए भी जिम्मेदार लोग अनजान बने हुए है।विभागीय लापरवाही के चलते आम लोग परेशान हो रहे है। इस संबंध में ईओ पद्मजा मिश्रा ने बताया कि खराब वाटर एटीएम को ठीक कराया गया है, कुछ के पाट्र्स नही मिल रहे इस वजह से मरम्मत नहीं हो पाया है। शौचालय का कार्य प्रगति पर है, जल्द ही पूरा होगा।

# रामपुर खास में अनवरत चलता रहेगा विकास का पहिया: प्रमोद तिवारी

## राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने सुनी जनता की समस्याएं

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रमोद तिवारी ने रविवार को लालगंज स्थित विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैंप कार्यालय पर जन समस्याओं की सुनवाई की और विकास कार्यों की बावत कार्यकताओं के साथ बैठक की।

सांसद प्रमोद तिवारी ने रामपुर खास के फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं आनी चाहिए। लोगों की समस्याओं के निस्तारण के लिए सांसद श्री तिवारी ने प्रतिनिधि व कैंप कार्यालय प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जन समस्याओं की सुनवाई के पश्चात सांसद प्रमोद तिवारी ने कार्यकताओं के साथ बैठक कर विकास कार्यों पर चर्चा की। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ला, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, कुंवर ज्ञानेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, पूर्व प्रमुख ददन सिंह दयाराम वर्मा केडी मिश्र, छोटेलाल सरोज, समाजसेवी पप्पू तिवारी, मुरलीधर तिवारी, प्रीतेंद्र ओझा, रामू मिश्रा आदि मौजूद रहे। इससे पहले सांसद प्रमोद तिवारी ने पूर्व राज्यपाल केसरीनाथ त्रिपाठी के निधन पर पार्थिव शरीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए दुख की घड़ी में साथ रहने का भरोसा सेट हुए परिजनों को ढांढस बंधाया। वहीं राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी बाघराय के गलगली गांव पहुंचकर अमरनाथ शुक्ला के पत्नी के निधन पर शोक जताया।



लालगंज कैम्प कार्यालय पर जनसमस्याओं की सुनवाई करते प्रमोद तिवारी।

# लूट की घटना करने वाले तीन अभियुक्तों को पुलिस ने दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** थाना देल्हूपुर क्षेत्रान्तर्गत फाइनेन्स कम्पनी के सेल्स मैनेजर से हुई लूट के प्रकरण में थाना देल्हूपुर पर प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 03/2023 धारा 392 भादवि बनाम अज्ञात के अभियोग पंजीकृत किया गया था।

इसी क्रम में थानाध्यक्ष देल्हूपुर धीरेन्द्र ठाकुर व उ0नि0 राकेश चैरसिया, उ0नि0 देवेन्द्र प्रताप सिंह मय हमराह व स्वॉट टीम प्रभारी श्री सुनील यादव मय टीम के द्वारा संयुक्त रूप से देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर स्वॉट/सर्विलांस टीम के निरन्तर प्रयास एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के परिशीलन से प्रकाश में आये उपरोक्त अभियोग से संबंधित 03 अभियुक्तों को घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल यूपी 72 बीपी 8696, लूट के 47690 रुपये, 01 बैग, 12 आधार कार्ड, 11 निर्वाचन कार्ड, विभिन्न बैंकों के 11 पासबुक, 03 मोबाइल फोन व वादी मुकदमा का परिचय पत्र तथा 01 अवैध तमंचा 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ थाना क्षेत्र के तौकलपुर पावर हाउस के पास से गिरफ्तार किया गया । उक्त बरामद अवैध शस्त्र के संबंध में अभियोग उपरोक्त में धारा 411,120बी भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई है। गिरफ्तार अभियुक्तों नें पूछताछ में बताया कि चार जनवरी 2023 को दोपहर में रतिपुर हनुमान मंदिर के पास हम तीनों नें मिलकर स्पन्दना स्फूर्ति फाइनेंस लिमिटेड के सेल्स मैनेजर जो अपनी मोटर साइकिल के साथ प्रतापगढ़ जा रहा था, को रोककर तंमचा लगाकर उसका बैग छीन कर भाग गये थे, इस घटना में हमारे गांव का एक और साथी सुमित शामिल था, हम चारों नें मिलकर उक्त घटना की योजना बनाई थी। गिरफ्तार अभियुक्तों में फरदीन उर्फ अब्दुल रहमान पुत्र सफीर अहमद निवासी तौकलपुर थाना देल्हूपुर जनपद प्रतापगढ़, देशराज पुत्र लालबहादुर निवासी तौकलपुर थाना देल्हूपुर जनपद प्रतापगढ़ व कौशल कन्नौजिय पुत्र रामलाल कन्नौजिया निवासी तौकलपुर थाना देल्हूपुर जनपद प्रतापगढ़ शामिल रहे।

## चार वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** जिले के थाना कुण्डा से म0उ0नि0 नीता त्रिपाठी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 02/23 धारा 376, 313, 354ख, 323, 504, 506, भादवि व 3/4 डीपी एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त अकरम पुत्र मो0 इम्तियाज नि0 बरई थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र कुण्डा के मवई बाईपास के पास से गिरफ्तार किया गया। उधर थाना अन्तू से उ0नि0 अशोक कुमार सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान वांछित अभियुक्त संतोष कुमार वर्मा पुत्र रामचन्द्र वर्मा नि0 डडवा (गढवारा) थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ को उसके गांव से गिरफ्तार किया गया।

## 50 किलो अवैध गांजा के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** थानाध्यक्ष धीरेन्द्र ठाकुरमय हमराह एवं स्वॉट टीम प्रभारी सुनील यादव मय टीम द्वारा संयुक्त रूप से देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के प्रयागराज-प्रतापगढ़ सीमा गनेशगंज के पास से प्रयागराज की तरफ से आ रही मारूती सुजुकी कार में सवार तीन व्यक्तियों को 50 किलो अवैध गांजा मय वाहन के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना देल्हूपुर पर मु0अ0सं0 04/2023 धारा 8/20/29 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है तथा बरामद वाहन को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में महेन्द्र गौतम पुत्र उदय राज गौतम निवासी मरखापुर, बदलापुर, जनपद जौनपुर, अनिल गौतम पुत्र स्व0 रामफेर गौतम निवासी बनपुरवा, थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ व मनोज पाल पुत्र स्व0 जनदीश पाल निवासी वाजिदपुर थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ शामिल रहे। पुलिस टीम में स्वॉट टीम प्रभारी श्री सुनील यादव मय टीम हे0का0 पंकज दूबे, का0अरविन्द दूबे, का0 सत्यम यादव, का0 राम सिंह, का0 जागीर सिंह, का0राजेन्द्र कुमार स्वॉट टीम प्रतापगढ़ शामिल रहे।

# अनियंत्रित ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर एक की मौत एक लहूलुहान

## बाइक सवार दोनों युवक चायल क्षेत्र में अपनी बहन के घर त्यौहार का सामान लेकर जा रहे थे



रोते बिलखते परिजन

**अखंड भारत संदेश**

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के ककोढा गांव के पास अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी है जिससे बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े हैं घटनास्थल पर एक व्यक्ति की मौत हो गई है दूसरा व्यक्ति गंभीर घायल है घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के कल्यानपुर गांव निवासी सनी पटेल उम्र 18 वर्ष पुत्र सुरेश पटेल अपने पारिवारिक भाई अजय कुमार पटेल उम्र 19 वर्ष पुत्र संतोष पटेल के साथ बाइक से चायल क्षेत्र में अपनी बहन के घर त्यौहार का सामान लेकर जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार ककोढा गांव के पास पहुंचे कि अनियंत्रित ट्रक ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी है बाइक में टक्कर लगने से बाइक सवार बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े हैं और हादसे में गंभीर घायल हो गए हैं हादसे की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर तमाम लोगों की भीड़ लग गई है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है हादसे में सनी पटेल की घटनास्थल पर मौत हो गई है पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।

# घना कोहरा के चलते पुलिया के नीचे कार पलटी कार सवार समेत 5 लोग घायल

**अझुवा कौशाम्बी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र में घने कोहरे के चलते एक कार अनियंत्रित होकर पुलिया से टक्कर बचाते हुए नहर में पलट गई,हादसे में कार सवार 5 लोग घायल हो गए,हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को बाहर निकाला और उन्हे इलाज के लिए अस्पताल भेजा। घटना कड़ाधाम थाने के अलीपुर जीता गांव के पास की है जहा फतेहपुर जिले के प्रेमनगर से 5 लोग कार में सवार होकर प्रतापगढ़ जा रहे थे, कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र के अलीपुर जीता के पास घने कोहरे के चलते अनियंत्रित होकर पुलिया से टकराने वाली थी तभी कार चालक पुलिया से टक्कर बचाते हुए पुलिया के नीचे चला गया।घटना में कार सवार 5 लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची कड़ा धाम थाना पुलिस ने सभी घायलों को कार से बाहर निकाला और उन्हे इलाज के लिए अस्पताल भेजा है हादसे की सूचना कार सवार के परिजनों को पुलिस ने दे दी है खबर लिखे जाने तक घायलों का नाम पता नहीं मिल सका है।

**फतेहपुर के प्रेम नगर से कार सवार 5 लोग जा रहे थे प्रतापगढ़**


दुर्घटनाग्रस्त कार

# 15 जनवरी से नियमित टीकाकरण से प्रतिरक्षित होंगे नौनिहाल


**जिला अस्पताल में रविवार से शनिवार, व शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मंगलवार से रविवार को लगाए जाएंगे टीके**

**कौशाम्बी।** शहरी क्षेत्रो में बच्चो को विभिन्न 12 जानलेवा बिमारियों से बचने के लिए संचालित नियमित टीकाकरण को प्राथमिकता देते हुए अब सप्ताह के सातो दिन बच्चो को प्रतिरक्षित किया जायेगा यह जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी अधिकारी डॉ. सुष्पेंद्र कुमार ने दी जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ हिन्द प्रकाश मणि ने बताया कि नियमित टीकाकरण से वंचित बच्चो को प्रतिरक्षित करने के लिए लिए स्वास्थ्य विभाग की नई पहल हैं जिसे 15 जनवरी से शुरू किया जायेगा इसके अंतर्गत जनपद के जिला अस्पताल में सप्ताह के सातो दिन व शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गाँधी नगर में छ दिन नियमित टीकाकरण किया जायेगा ताकि बच्चो को गंभीर बिमारियों से बचाया जा सके और शत प्रतिशत टीकाकरण हो कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे। टीकाकरण बच्चो को हानिकारक रोगों से बचाने का एक सरल, सुरक्षित और प्रभावी उपाय है, इससे पहले कि वे रोगों के संपर्क में आएं। टीकाकरण द्वारा पोलियो, डिप्थीरिया, टिटनेस और खसरा जैसी रोगों को रोका जा सकता है। जब हम टीकाकरण करवाते हैं। उप जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ यश अग्रवाल ने बताया कि बच्चो को जन्म के बाद से दिए जाने वाले नियमित टीकाकरण होना बहुत आवश्यक है नियमित टीकाकरण से बच्चो को 12 जानलेवा बिमारियों से बचाया जा सकता हैं बचपन में होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए सबसे बेहतर उपाय टीकाकरण है। इससे धन, ऊर्जा एवं जीवन की बचत होती है तथा शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में काफी सहायक होता है। टीकाकरण के दौरान लगने वाली वैक्सीन शरीर को रोग से लड़ने की क्षमता को बढ़ाती है। शहरी क्षेत्र के अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गाँधी नगर सेंटर पर सप्ताह के छ दिन नियमित टीकाकरण किया जायेगा ताकि वंचित बच्चो को प्रतिरक्षित किया जा सके बी.सी.जी, हेपेटाइटिस बी, ओ.पी.वी – 0 1,2, व 3, रोटा वाइरस, पेंटावेलेंट 1,2, व 3, आई.पी.वी 1,2, व 3,पी.सी.वी, खसरा रूबेला, विटामिन ए,आदि के टीके लगाए जाएंगे।

# खबर का असर : प्रशासक का चला सफाई कर्मचारियों पर चाबुक

## भरवाली कस्बे के सुलभ शौचालय की हो गई सफाई टना टन लोगो में खुशी

**अखंड भारत संदेश**



शौचालय परिसर की सफाई करते सफाई कर्मी

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के बस स्टॉप भरवारी में सुलभ शौचालय यात्रियों के लिए बना था जहां पर सुलभ शौचालय बनाया गया था जिसमे सफाई कर्मचारि नियुक्त था ' इसी बीच अधिशाषी अधिकारी गिरीश चंद्र का बलराम पर तबदला होने की खबर प्रसारित हुई जिस पर सफाई कर्मचारियो ने सफाई करना तो दूर सुलभ शौचालय की तरफ देखना भू मुनासिब नहीं समझा ' वही सुलभ शौचालय वा नालियों में बजबजा रही गन्दगी को अखंड भारत अखबारने अपने समाचार पत्र मे प्रमुखता से खबर प्रकाशित की जिसको नगर पालिका के प्रशासक एस डी एम दीपेंद्र यादव ने संज्ञान लेते हुए सफाई कर्मचारियो पर चाबुक चलाकर सफाई अभियान की गति प्रदान की अधिशाषी अधिकारी की तबादला नीति को हवा में उड़ाते हुए साफ सफाई करवाकर चार चांद लगाने का कार्य किया जिससे लोगो मे खुशी दौड़ गई वही कर्मचारी प्रशासक के चाबुक से डरा वा सहमे हुए है वही नगर पालिका परिषद की सभी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने में महारथ हासिल है।

# शिक्षक बुद्धिजीवियों के दल के रूप में भाजपा की कह रही है पहचान : अनिता त्रिपाठी

**अखंड भारत संदेश**

**शिक्षक एमएलसी एवम सहकारिता चुनाव को लेकर पार्टी कार्यालय में बैठक आयोजित**


भाजपा की बैठक में उपस्थित पार्टी नेता

**कौशाम्बी।** भारतीय जनता पार्टी सदैव ही शिक्षकों एवम् बुद्धिजीवियों के दल के रूप में पहचान रखती आई है इन्हीं के दम पर भाजपा आज देश के सत्ता तक पहुंच पाई है और विश्व के सबसे बड़े दल के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर पाई है। यह संगठन के लिए अपनी अपूर्णीय क्षति है कि प्रदेश में विधानसभा अध्यक्ष, राज्यपाल के साथ शिक्षक के रूप में समाज को अपना अमूल योगदान देने वाले स्वर्गीय केसरी नाथ त्रिपाठी हम सबके बीच नहीं हैं और आज हमें वह अकेला छोड़ कर चले गए। इस मौके पर मौजूद संगठन के लोगों ने 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें याद किया और कार्यक्रम की शुरूआत किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने कही इस मौके पर आगामी समय में संभावित सहकारिता चुनाव को लेकर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चंद्रशेखर ओझा व प्रभारी अनिल सिंह मौजूद रहे। इस मौके पर बोलते हो उन्होंने कहा कि इस शिक्षा क्षेत्र का यह अपना प्रभाव रहा है कि यहां जब भारतीय जनता पार्टी सत्ता में नहीं थी तब भी शिक्षक विधायक के रुप में भाजपा के प्रतिनिधि इस पद में जीते रहे हैं। ऐसे में अब जब हम सत्ता में हैं और देश में यशस्वी प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी जी तथा प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की ऐसी सरकार है जिसने जन-जन तक योजनाओं के माध्यम से लाभ पहुंचाया है और शिक्षा एवं शिक्षण के मामले में अभूतपूर्व काम किया है। ऐसे में अब जरूरी है कि हम सब पूरे मनोयोग से लगकर शिक्षक स्नातक चुनाव में अपनी सभ्यता दर्ज कराएं और स्नातक क्षेत्र से अपने शिक्षक को निर्वाचित करवाएं इस मौके पर प्रमुख रूप से आशीष केसरवानी, संजय जयसवाल, राकेश पाण्डेय, चक्रेश मिश्रा, वेद प्रकाश सत्यार्थी कमल कुशवाहा, दिलीप अग्रहरी, महेश चंद्र लोधी रामबहादुर जयसवाल सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### अगियौना में बड़ी धूमधाम से मनाई गई माता सावित्रीबाई फुले की जयंती




करारी कौशाम्बी मंझनपुर तहसील के अगियौना ग्राम सभा में 08 जनवरी को माता सावित्री बाई फुले की जयंती मनाई गई । कार्यक्रम के आयोजक डा० छेदीलाल मौर्य डा० उमेश चंद्र मौर्य एड० सुनील कुमार शिवबली बिंदेसरी प्रसाद के माध्यम से मनाया गया छेदीलाल ने बताया माता कि सावित्रीबाई ज्योतिराव फुले भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, समाज सुधारिका एवं मराठी कवियत्री थीं। उन्होंने अपने पति ज्योतिराव गोविंदराव फुले के साथ मिलकर स्त्री अधिकारों एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए। उन्हें आधुनिक मराठी काव्य का अग्रदूत माना जाता है। इस कार्यक्रम में वक्ता के रूप में गुलाब चंद्र, विजय गौतम , जलील अहमद , उरिष्ठ प्रसाद चौधरी,इंद्रजीत निर्मला अमित कुमार , मौजूद रहे। मुख्य अतिथि नरेंद्र कुमार सरोज सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

### प्रॉपर्टी डीलर को पीट कर किया मरणासन्न



**कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र के भगवतपुर गांव में शनिवार की रात चाय की दुकान पर हुई कहा सुनी के बाद लाठी डंडे से लैस दबंगों ने प्रॉपर्टी डीलर को पीट कर मरणासन्न कर दिया है। घायल का इलाज एसआरएन में चल रहा है परिजनों के मुताबिक पुलिस मुकदमा भी नहीं दर्ज कर रही है गांव में तनाव की स्थिति बुनी हुई है। पुलिस ने पीड़ित के भाई समेत विपक्ष के लोगों को थाना में ही बैठा रखी है।

### 365 लीटर शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अवैध शराब के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना पश्चिम शरीरा पुलिस द्वारा वर्ष 2022 के पंजीकृत कुल 49 अभियोग में अवैध शराब बरामद की गयी थी जिसको थाना पश्चिम शरीरा पुलिस द्वारा न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेशानुसार उक्त अभियोगों मे कुल बरामद शराब करीब 347 लीटर ( अनुमानित कीमत करीब 15 हजार रुपये) अवैध शराब को क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के निकट पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी पश्चिम शरीरा की उपस्थिति में उक्त अवैध शराब को गड्ढा खोदकर नष्ट किया गया। इसी प्रकार थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा अभियुक्त जिया लाल पुत्र सुरज पाल निवासी फराहिमपुर कलेश्वर थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 12 लीटर अवैध शराब तथा थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा अभियुक्ता सुन्दर कली पत्नी जिया लाल निवादी दानपुर थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर कब्जे से 06 लीटर अवैध शराब (कुल 18 लीटर) बरामद कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों का चालान न्यायालय कर दिया है।

### दुष्कर्म का वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वारंटी अभियुक्त विजय पुत्र लुल्लुर निवासी नउवापुर थाना पिपरी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 126 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 02 वाहनों से 1000 रुपये सम्मन शुल्क वसूला गया।

# मुकदमा दर्ज होने के बाद स्वास्थ्य कर्मियों की भी नहीं हुई गिरफ्तारी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में तरह-तरह की हेराफेरी धोखाधड़ी करने के आरोप में मंझनपुर कोतवाली में स्वास्थ्य कर्मियों के विरुद्ध वर्षों पूर्व मुकदमा दर्ज हुआ था लेकिन मुकदमा दर्ज करने के बाद स्वास्थ्य कर्मियों की गिरफ्तारी को मंझनपुर कोतवाली पुलिस भूल गई है जिससे स्वास्थ्य कर्मी बेखौफ हैं अब सवाल उठता है कि सरकारी कर्मचारियों के गुनाहों पर उनके विरुद्ध क्या मुकदमा दर्ज कराने तक की पूरी कानून व्यवस्था शामिल है या फिर उनके गुनाहों पर उनकी गिरफ्तारी कर उन्हें जेल भेजना भी पुलिस की जिम्मेदारी बनती है लेकिन जिस तरह से पंचायत सचिव ग्राम प्रधान शिक्षा कर्मियों शिक्षा अधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मियों के विरुद्ध गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद दोषी शिक्षाकर्मी दोषी शिक्षा अधिकारी दोषी पंचायत कर्मी दोषी ग्राम प्रधान और दोषी स्वास्थ्य कर्मियों की की गिरफ्तारी में थाना पुलिस और विवेचक हीलाहवाली कर उन्हें राहत दे रहे हैं जिससे सरकारी व्यवस्था में हेराफेरी करने वाले दोषी कर्मी अपने बचाव के तौर तरीके ढूंढ रहे हैं आखिर दोषियों को बचाव का मौका थाना पुलिस क्यों दे रही है जबकि इन सरकारी कर्मियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराए जाने के पूर्व जिला अधिकारी द्वारा जांच कराई गई थी और जिलाधिकारी की जांच के बाद दोषी पाए गए लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है फिर दोषियों की गिरफ्तारी में अब किस जांच की बात पुलिस कर रही है उन्हें गिरफ्तार कर पुलिस जेल क्यों नहीं भेज रही है यह तमाम सवाल थाना पुलिस की व्यवस्था पर खड़े हो रहे हैं लोगों ने पुलिस अधीक्षक का ध्यान आकृष्ट कराते हुए स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य कर्मियों पर दर्ज कराए गए मुकदमे के मामले में दोषी स्वास्थ्य कर्मियों की गिरफ्तारी कराए जाने की मांग की है।

# मजलिस आमला की रोजा बैठक में गठित की गई कमेटी

**अखंड भारत संदेश**


मजलिस में शामिल लोग

**करारी कौशाम्बी।** जमीअत उलमा जिला कौशांबी की मजलिस ए आमला की दो महीने वाली बैठक 7 जनवरी 2023 सनीचर को जामा मस्जिद चायल में जनाब मोहम्मद मुजतबा साजिदुल्लाह साहब की अथक्षता में आयोजित हुई। मीटिंग की शुरूआत हाफिज मोहम्मद कामरान साहब हलीम महासचिव धार्मिक शिक्षा बोर्ड जमीयत उलेमा कौशांबी की तिलावत से हुआ और हजरत मौलाना मुफ्ती मुज्तबा साहब कासमी अध्यक्ष धार्मिक शिक्षा बोर्ड जमीयत उलेमा कौशांबी ने निजामत की और फिर जमीयत उलेमा जिला कौशांबी के अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती मोहम्मद मुरशिद साहब कासमी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दौर इस्लाम और मुसलमानों के लिए बहुत ही नाजुक तरीन दौर है बातिल परस्तों की तरफ से इस्लाम और मुसलमानों को मिटाने के लिए तरह-तरह की इसकीमें और मंसूबे बनाय जा रहे हैं यहां तक के तालीम के नाम पर मासूम बच्चों के दिलों पर गलत असर डालने और गैर इस्लामी तरीका अपनाने की तरगीब दी जा रही है और हम गफलत की चादर मुंह में डाले बैठे हुए हैं हमें अपनी तबाही व बबार्दी का एहसास तक नहीं। याद रखें अगर हमारा यही हाल रहा तो एअ दिन हमारे बच्चे मुर्तद हो जाएंगे उनसे यह ईमान की दौलत छीन ली जाएगी और वह इससे महरूम हो जाएंगे। इस महरूमी से बचाने के लिए अपनी नस्लों को गुमराह होने से बचाने के लिए इनके दीन और ईमान को बाकी रखने के लिए सभी लोगों को फिक्र करने की जरूरत है।

और मौलाना ने कहा की सूबे की हिदायत के मुताबिक हम अपने पूरे जिले में इसलाहे माशेरा के प्लेटफार्म से आसान निकाह की मुहिम चलाएंगे और उसकी जो भी शक्ल बनेगी उसको इख्तियार किया जाएगा और आखिर में मुफ्ती मुजतबा साहब की दुआ से जलसा मुकम्मल हुआ।

इस मौके पर मौलाना मुफ्ती मुर्शीद साहब कासमी, मौलाना मोहम्मद ताहा नदवी,हजरत मौलाना मोहम्मद सुहेल साहब मजाहिरी,मौलाना मोहम्मद मुज्तबा कासमी,हाफिज मोहम्मद कामरान हलीमी,जनाब मोहम्मद अनस,जनाब हाफिज जसीमुद्दीन साहब,जनाब मौलाना अब्दुल रूफ रहमानी,तैयवब,मोहम्मद आकिब वगैरह कसीर तादाद में लोग भी मौजूद रहे।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 15 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप मे थाना करारी से सात थाना पिपरी से एक थाना कोखराज से दो थाना सैनी से दो थाना मोहब्बतपुर पइसा से एक थाना कड़ाधाम से दो कुल 15 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।


### गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कडाधाम पुलिस बल द्वारा रात्रिगस्त वाहन चेकिंग के दौरान अभियूक्त धीरेन्द्र द्विवेदी पुत्र कृपाशंकर द्विवेदी निवासी अकबरपुर मजरा हब्बूनगर थाना महेवाघाट को अकबरपुर गांव के पास से 450 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# बिरौली गांव : पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान सरकारी रकम में मचाए हैं लूट

## पंचायत के जिम्मेदारों के साथ खंड विकास अधिकारी और एडीओ पंचायत पर भी मुकदमा दर्ज करा कर गिरफ्तारी कराए जाने की है जरूरत

अखंड भारत संदेश


बिरौली गांव में व्याप्त गंदगी

**कौशाम्बी।** मूरतगंज विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में विकास कराए जाने के नाम पर सरकारी खजाना को खाली करने में ग्राम प्रधान वा पंचायत सचिव मिलकर बड़ी रकम निकाल रहे हैं लेकिन ग्राम पंचायतों में विकास के नाम पर हकीकत देखा जाए तो विकास कार्यों में बड़े घोटाले हुए है कार्यवाही ना होने से ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव के हौसले बुलंद है तमाम ग्राम पंचायतों में जिम्मेदारों की उदासीनता से मचाई गई लूट के मामले में मूरतगंज विकासखंड क्षेत्र के बिरौली ग्राम पंचायत में और उसके मजरा जीत का पूरा में विकास कार्य को लेकर मोटी रकम खजाने से निकाली गई है लेकिन विकास कार्य एक तिहाई भी नहीं हुआ है। वित्तीय 2021 2022 में बिरौली ग्राम पंचायत में हैंडपंप मरम्मत हैंडपंप रिबोर सामग्री के नाम पर 08 लाख 11हजार 41 रुपए की भारी भरकम धनराशि फर्जी बिल के जरिए निकाल ली गई है लेकिन गांव में हैंडपंप ठीक नहीं हो सके नाली मरम्मत के नाम पर भी 1 लाख 17 हजार 232 रुपए निकाल लिया गया लेकिन अभी भी पूरे गांव में गंदगी व्याप्त है नाली का निर्माण मानक के अनुसार नहीं हो सका है पंचायत भवन में मरम्मत डेंटिंग पेंटिंग के नाम पर बिना कार्य कराए 3 लाख 43 हजार 404 रुपए की रकम निकाल ली गयी खुलेआम पंचायत के जिम्मेदार मनमानी पर उतारू है और आला अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं बताया जाता है कि एडीओ पंचायत और खंड विकास अधिकारी ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों से कमीशन खोरी कर धृतराष्ट्र बने हुए है। बिरौली ग्राम में टाइल्स कार्य में 1 लाख 12 हजार 169 रुपए निकाले जा चुके हैं लेकिन टाइल्स किस क्वालिटी की कहां लगाई गई है इसको बताने के लिए कोई जिम्मेदार तैयार नहीं है जीता का पुरवा में टाइल्स निर्माण के नाम पर रकम निकाली जा चुकी हैं लेकिन ग्रामीणों का कहना हैं कि टाइल्स क्या है हमे पता नहीं है बिना टाइल्स लगाए खजाने से रकम निकल गई और जिम्मेदारों को पता नहीं चल सका जिससे योगी सरकार में भ्रष्टाचार का अंदाजा लगाया जा सकता है। लगातार भ्रष्टाचार को अंजाम देने वाले ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव पर कठोर कार्रवाई कर उनकी गिरफ्तारी कराए जाने में हीला हवाली करने वाले अधिकारियों के चलते ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव के भ्रष्टाचार के हौसले कम नहीं हुए और लगातार एक के बाद एक भ्रष्टाचार की घटना को वह अंजाम देते रहे स्ट्रीट लाइट के नाम पर 1 लाख 64 हजार 9 सौ रुपए निकाले गए हैं लेकिन जीता का पूरा गांव में रोड़ के किनारे व पूरे गांव में आठ दस स्ट्रीट लाइट लगी होगी लेकिन उसके बाद भी प्रकरण की अभी तक जांच अधिकारियों ने नई शुरू कराई है बेखौफ तरीके से पंचायत के जिम्मेदार सरकारी खजाने को लूटने में लगे हैं और आला अधिकारी शिकायती पत्रों का इंतजार कर रहे हैं पीवी टाइल्स के नाम पर सरकारी खजाना को खाली करने में पंचायत के जिम्मेदार लगे हैं और ब्लॉक के जिम्मेदार आंख मूंदकर कमीशन खोरी में लिप्त है पीवी टाइल्स के नाम पर बिना कार्य कराए 1 लाख 82 हजार 580 रुपए निकाले जा चुके हैं देव स्थान पर सुन्दरीकरण के नाम पर 10 हजार 500 रुपए निकाले जा चुके हैं खाद गड्ढा के लिए सरकारी खजाने से रकम तो निकाल ली गई लेकिन कोई कार्य नहीं हुआ विकास के नाम पर तमाम कार्यों की रकम निकाले जाने के बाद कई कार्य अभी भी गांव में अधूरे दिखाई पड़ रहे हैं जबकि कार्य पूर्ण होने की रिपोर्ट भेजी जा चुकी है इंटरलॉकिंग के नाम पर 1 लाख 60 हजार रूपए निकाले जा चुके हैं मिट्टी की भराई के नाम पर 1 लाख 3 हजार 882 रुपए निकाले जा चुके हैं गांव में व्याप्त भ्रष्टाचार में यह मामले तो कुछ उदाहरण मात्र है पूरे गांव में भ्रष्टाचार चरम पर व्याप्त है खंड विकास अधिकारी और एडीओ पंचायत केवल तमाशबीन बने हुए हैं ग्राम पंचायतों की जांच कराकर पंचायत के जिम्मेदारों के साथ-साथ खंड विकास अधिकारी और एडीओ पंचायत को भी कमीशन खोरी में हिस्सेदार मानते हुए इन पर भी मुकदमा दर्ज करा कर इनकी गिरफ्तारी कराए जाने की जरूरत है लेकिन क्या योगी सरकार में निष्पक्ष तरीके से जांच कराकर खंड विकास अधिकारी और एडीओ पंचायत पर मुकदमा दर्ज करा कर गिरफ्तारी कराई जाएगी या सब कुछ अंधेरगर्दी की तरह चलता रहेगा।

## संपादकीय

# समर्थन और विरोध की पराकाष्ठा: 'भारत जोड़ो यात्रा'

**कांग्रेस** नेता राहुल गाँधी के नेतृत्व में सात सितंबर को कन्याकुमारी से शुरू होकर कश्मीर तक चल रही भारत जोड़ो यात्रा भीषण शीत लहरी के बावजूद अपने पूरे जोश-उत्साह और उमंग के साथ आगे बढ़ते हुये अपनी मंजिल की ओर अग्रसर है। देश के 12 राज्यों से गुजरते हुये लगभग 150 दिन में 3750 किलोमीटर का सफर तय करने वाली इस यात्रा को प्रत्येक राज्यों से, चाहे वे भाजपा शासित राज्य हों,कांग्रेस शासित या गैर कांग्रेस शासित राज्य, हर जगह अकल्पनीय समर्थन हासिल हो रहा है। देश के अनेक विपक्षी दल के नेताओं,पूर्व नौकरशाहों,सामाजिक कार्यकताओं से लेकर फिल्म व खेल जगत आदि के अनेक दिग्गज राहुल गांधी के साथ यात्रा में शामिल हो रहे हैं। आश्चर्य की बात है कि इतनी कड़ाके की ठंड में इस यात्रा में शिरकत करने व राहुल गाँधी की एक झलक देखने के लिये क्या शहर क्या कस्बा तो क्या गांव हर जगह भारी भीड़ उमड़ती दिखाई दे रही है। भारत जोड़ो यात्रा को मिल रहे इस राष्ट्रव्यापी समर्थन से जहां कांग्रेस कार्यकताओं में ऊर्जा का नया संचार हो रहा है वहीं सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी जिसने गत दस वर्षों से राहुल गाँधी की छवि को बिगाड़ने के लिये अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी,इस यात्रा से बुरी तरह से बौखला उठी है। भाजपा नेता भारत जोड़ो यात्रा को 'भारत तोड़ो यात्रा' का नाम दे चुके हैं। इस कठिनतम यात्रा को नकारात्मक नजरों से देखने वालों की नजरें राहुल गाँधी की टी शर्ट से लेकर उनकी दाढ़ी व कंटेनर्स पर ही नहीं बल्कि इस यात्रा में शामिल होने वाले लोगों पर भी लगी हुई हैं । और भाजपा समय समय पर चयनात्मक रूप से उनकी यात्रा में शिरकत को लेकर सवाल भी उठाती रही है। उदाहरण के तौर पर भारत जोड़ो यात्रा में जिस समय सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर शामिल हुई थीं उसी समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात की एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा था कि "जो लोग 'गुजरात के लोगों को प्यासा रखना' चाहते थे, वो भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हैं। इसी प्रकार भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने तेलंगाना में पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुये राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' पर हमला करते हुए कहा था कि यह 'भारत तोड़ो यात्रा' है। नड्डा ने यहां तक कहा था कि - "यह एक प्रायश्चित यात्रा है क्योंकि राहुल गांधी के पूर्वजों ने भारत को तोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी है." उन्होंने राहुल गांधी को गुजराती विरोधी बताया था। अब गत 3 जनवरी को जब कि भारत जोड़ो यात्रा दिल्ली में नौ दिनों तक रुकने के बाद उत्तर प्रदेश के लिए रवाना हुई उस समय भारतीय खुफिया एजेंसी 'रिसर्च एंड एनालिसिस विंग ' (रॉ ) के पूर्व प्रमुख अमरजीत सिंह दुलत भी राहुल के साथ यात्रा में राहुल के कदम से कदम मिलाते नजर आए। भाजपा पूर्व रॉ प्रमुख दुलत की यात्रा में शिरकत को लेकर भी हमलावर हुई । भाजपा आई टी सेल प्रमुख ने दुलत पर निशाना साधते हुये कहा कि- ' पूर्व स्पाईमास्टर दुलत अपने काम के प्रति कभी प्रतिबद्ध नहीं थे। वे अलगाववादियों और पाकिस्तान से प्रभावित थे। उन्होंने कहा कि रॉ के पूर्व सचिव दुलत की कश्मीर संकट में यादगार भूमिका है। भाजपा आई टी सेल प्रमुख ने यह भी कहा कि-'अलगाववादियों और पाकिस्तान के समर्थन और कश्मीर बवाल में उनकी अहम भूमिका है'। गौर तलब है कि यही अमरजीत सिंह दुलत अटल बिहारी वाजपेई की सरकार में प्रधान मंत्री के कश्मीर मामलों के सलाहकार भी थे। उन्होंने रॉ से अवकाश प्राप्ति के बाद तत्कालीन प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जम्मू-कश्मीर मामलों के सलाहकार के रूप में कार्य किया था। उस समय तो वाजपेई जी को पूर्व स्पाईमास्टर दुलत में योग्यता व कुशलता नजर आई जबकि आज की भाजपा उन्हीं के बारे में 'अलगाववादियों और पाकिस्तान को समर्थन और कश्मीर बवाल में उनकी अहम भूमिका' जैसी गैर जिम्मेदाराना बातें कर रही है? क्या यह इसलिये है कि कश्मीर मामलों के विशेषज्ञ समझे जाने वाले यही वह दुलत भी थे जिन्होंने गत वर्ष अप्रैल में बॉलीवुड की फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' को कोरा दुष्प्रचार बताया था जबकि भाजपा इस फिल्म को बढ़ावा दे रही थी तथा इसे प्रचारित कर रही थी ? अब तक भारत यात्रा में विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों व पूर्व मुख्यमंत्रियों सहित कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे,कांग्रेस नेता सोनिया गांधी व प्रियंका गाँधी,आदित्य ठाकरे, म?हात्मा गांधी के पड़पोते तुषार गांधी ,आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन,सहित फि ल्मी दुनिया के प्रसिद्ध सितारे कमल हासन,स्वरा भास्कर, पूजा भट्ट, रिया सेन,पटवर्धन,रिया सेन,अमोल पालेकर स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा , व सुशांत सिंह,सामाजिक कार्यकर्ता अरुणा रॉय,रोहित वेमुला की मां और खेल जगत की अनेक मशहूर हस्तियां यात्रा में शामिल हो चुकी हैं। योगेंद्र यादव जैसे समर्पित सामाजिक कार्यकर्त्ता तो कन्याकुमारी से कश्मीर तक की पूरी यात्रा में साथ चल रहे हैं। इन समस्त भारत यात्रियों को यही उम्मीद है कि शायद ये यात्रा उस बिसरे हुए भारत की याद ताजा कर सके जो उदारवादी, धर्मनिरपेक्ष, समावेशी और प्रगतिवादी मूल्यों के साथ साथ अनेकता में एकता के लिए विश्व प्रसिद्ध था। सवाल यह है कि क्या म?हात्मा गांधी के पड़पोते तुषार गांधी , आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन, व रॉ के पूर्व प्रमुख अमरजीत सिंह दुलत जैसे अनेक लोग जो देश व संविधान की रक्षा के लिये देश को संवैधानिक व सामाजिक रूप से एकजुट करने के मकसद से भारत जोड़ो यात्रा को अपना समर्थन दे रहे हैं वे भाजपा के मतानुसार ' भारत तोड़ो यात्रा ' के शरीक हैं ? और जो गाँधी के हत्यारे का महिमांडन करते हों,जो संविधान विरोधी जहर उगलते रहते हों,जो हेमंत करकरे जैसे शहीद को अपने 'श्राप ' का शिकार बताते हों वे सब न केवल राष्ट्रवादी बल्कि 'सांस्कृतिक राष्ट्रवादी ' हैं ?

# केंद्रीय आम बजट से हमारी अपेक्षाएं

**किशन भावनानी**

**वैश्विक** स्तरपर कोविड -19 के बाद हर देश की अर्थव्यवस्था किसी न किसी स्तरपर गंभीर स्थितियों से गुजर रही है, जिसे प्रबल बनाने के लिए हर देश जी तोड़ कोशिश है कर, अनेक रणनीतिक नीतियांबनाकर उसे नियंत्रण में लाने की कोशिश जोरों से कर रहे हैं। वही भारत की अर्थव्यवस्था ने कुछ माह पूर्व ही छलांग मारकर विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है,जिसके अब तीसरे नंबर पर आने की खुशकिस्मती संभावनाएं व्यक्ति की जा रही है, जिसकी अभिलाषा हर नागरिक के मन में भी होगी। चूंकि 1 फरवरी 2023 को केंद्र सरकार पार्ट-2 का आखरी पूर्ण बजट है इसलिए, एक तीर से कई निशान लगाने के अनुमान अनेक क्षेत्रों में लगाए जा रहे हैं,जोर स्वाभाविक ही है कि, उद्देश्य पार्ट-3 प्राप्त करना होगा। हालांकि यह सिर्फ अनुमान है, क्योंकि अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करना हर सरकार का प्राथमिक कर्तव्य, उद्देश्य उत्तरदायित्व होता है, जिसको ध्यान में रखते हुए ही बजट बनाया जाता है इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से केंद्रीय आम बजट 2023 से हमारी अपेक्षाओं पर चर्चा करेंगे। साथियों बात अगर हम पिछले कुछ वर्षों से खासकरके पिछले 2 वर्षों से देखें तो करीब-करीब हर क्षेत्र को कुछ ना कुछ कोविड-19 के त्रासदी से उबरने दिया गया है,खासकर के बयानों में आ रहे उन करीब 80 करोड़ लोगों को 5 किलोग्राम अनाज दाल वितरण अभी भी शुरू है। परंतु मेरा मानना है कि कोई रह गया है तो वह है,मध्यमवर्गीय परिवार और मीडिया क्षेत्र से जुड़े कर्मचारी परिवार जो पिछले अनेक वर्षों से उनको कोई राहत पैकेज नहीं दिया गया है यह अफसोसजनक है। इसलिए, वर्तमान में मध्यम वर्ग के करदाताओं को विभिन्न चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। महंगाई उनकी सेविंग्स को खा रही है, मुद्रास्फीति से लड़ने के लिए केंद्रीय बैंक द्वारा बैक-टू-बैक रेपो दर में बढ़ोतरी ने होम लोन और अन्य ऋणों के लिए मासिक ईएमआई में वृद्धि कर दी है। ईंधन की ऊंची कीमतों ने घरेलू बजट को प्रभावित किया है। करदाताओं के सामने आने वाली इन कठिनाइयों को देखते हुए अब समय आ गया है कि कुछ राहत प्रदान करने के लिए इनकम टैक्स स्लैब रेट्स में बदलाव किया जाए।मूल आयकर स्लैब को बढ़ाकर 5 लाख रुपये किया जा सकता है और उच्चतम स्लैब को 20 लाख रुपये किया जाना चाहिए।




साथियों करदाताओं को जो टैक्स बचत प्राप्त होगी वह अर्थव्यवस्था में खपत और निवेश कोबढ़ाएगी।यह सरकार को करदाताओं को कर राहत देने के साथ-साथ यह सुनिश्चित करने के दोहरे उद्देश्य को प्राप्त करने में सक्षम करेगा कि रिटर्न दाखिल करने वाले करदाताओं का आधार कम न हो। वहीं, केंद्र सरकार उन वरिष्ठ नागरिकों के लिए कुछ कर प्रोत्साहन भी प्रदान कर सकती है, जो महंगाई की अधिक मार झेल रहे हैं। महंगाई उनकी निश्चित ब्याज इनकम के वास्तविक मूल्य को नष्ट कर देती है। ऐसे में सीनियर्स को भी सेविंग स्कीम्स से होने वाली इनकम पर टैक्स दरों में और राहत दे सकती है। यह सरकार को करदाताओं को कर राहत देने के साथ-साथ यह सुनिश्चित करने के दोहरे उद्देश्य को प्राप्त करने में सक्षम करेगा कि रिटर्न दाखिल करने वाले करदाताओं का आधार कम न हो। बजट 2023 में सरकार 80 सी के तहत छूट की सीमा को बढ़ाकर 2.5 लाख रुपये कर सकती है। अभी यह सीमा 1.5 लाख रुपये है, जिसमें पिछले 2014-15 के बाद से कोई बदलाव नहीं हुआ है। उस दौरान 80सी के तहत छूट की सीमा को एक लाख रुपये से बढ़ाकर 1.5 लाख रुपये किया गया था। इसके साथ ही धारा 80 सी की छूट की सीमा को भी बढ़ाने की जरूरत है। मेरा मानना है कि कर संग्रह के मोर्चे पर चालू वित्त वर्ष सरकार के लिए अच्छा रहा है। इसके अलावा, वैश्विक चुनौतियों और अनिश्चितताओं के बीच बजट में अर्थव्यवस्था की रफ्तार बढ़ाने पर जोर रहेगा। यह तभी संभव है, जब खपत को बढ़ावा मिले। 80सी का दायरा बढ़ाने से आम लोगों को बड़े पैमाने पर बचत का अवसर मिलेगा। वहीं, वहीं स्टैंडर्ड डिडक्शन की मौजूदा 50, हजार रुपये की सीमा को बढ़कर 75 हजार रुपये करने की जरूरत है।

> साथियों बात अगर मैं मेरे सटीक अनुमान की करें तो बजट 2023 में मेरे अनुमान के हिसाब से निम्नलिखित बातें बजट में समाहित हो सकती है। (1) मूल आयकर स्लैब बढ़ाकर 4 से 5 लाख तक की जा सकती है। (2) धारा 80सी 80डी 80 ई की सीमा बढ़ाई जा सकती है। (3) स्टैंडर्ड डिडक्शन की सीमा 50 से बढ़ाकर 75 हजार की जा सकती है। (4) पत्रकारों और मीडिया क्षेत्र के लिए कुछ स्कीम आ सकती है

साथियों सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) में योगदान की सालाना सीमा को मौजूदा 1.5 लाख रुपये से बढ़ाकर तीन लाख रुपये करने का भी सुझाव दिया गया है। इसमें कई वर्षों से कोई इजाफा नहीं हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि जीवन बीमा योजना, बच्चों की ट्यूशन फी, म्यूचुअल फंड की कर योजनाएं पहले से ही 80सी के दायरे में आती हैं। इसलिए, पीपीएफ में पर्याप्त योगदान की गुंजाइश नहीं बचती है। इसके लिए अलग से छूट का प्रावधान होना चाहिए। सरकार को 2022-23 में अब तक प्रत्यक्ष कर संग्रह के रूप में करीब 26 फीसदी ज्यादा कमाई हुई है।शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह भी 20 फीसदी बढ़ा है। टीडीएस कटौती और कॉरपोरेट कर संग्रह का प्रदर्शन भी अच्छा रहा है।

साथियों 2024 में देश में आम चुनाव होने हैं। स्वभाविक ही सोच होगी कि करदाताओं को राहत देकर सरकार इस मौके को भुनाना चाहेगी।2023 के बजट में बस कुछ ही दिनों का वक्त बचा हुआ है।सरकार पार्ट-2 का यह आखरी पूर्ण बजट होगा। ऐसे में इस बजट से आम लोगों को बहुत ज्यादा उम्मीदें हैं।आर्थिकविशेषज्ञ भी यह मानते हैं कि इस बार के बजट में, सरकार सैलरीड क्लास से लेकर किसानों तक को बड़ी राहत प्रदान कर सकती है।2024 में लोकसभा का चुनाव होना है। पिछले कुछ सालों को देखें तो सरकार की ओर से बजट में कई तरह के बदलाव भी किए गए हैं। टैक्सपेयर्स को लेकर भी कई बड़े बदलाव हुए हैं। अभी मूल रूप से छूट को बढ़ाने की जरूरत है। दरअसल, न्यू टैक्स रिजीम आजादी के बाद से चली आ रही परंपरा से अलग है। पारंपरिक टैक्स व्यवस्था को ओल्ड टैक्स रिजीम कहा जाता है। ओल्ड टैक्स रिजीम में 80सी, 80डी, एचआरए समेत कई तरह के डिडक्शन पर क्लेम किया जा सकता है। लेकिन नए टैक्स व्यवस्था में यह मुमकिन नहीं है। इन सब के बीच वित्त मंत्री ने भी बड़ा बयान दिया है, उन्होंने कहा कि सरकार सात कर स्लैब वाली वैकल्पिक आयकर व्यवस्था इसलिए लाई ताकि निम्न आय वर्ग के लोगों को कम कर देना पड़े। उन्होंने कहा कि पुरानी कर व्यवस्था में प्रत्येक करदाता लगभग 7-10 छूट का दावा कर सकता है और आय सीमा के आधार पर आयकर की दरें 10, 20 और 30 प्रतिशत के बीच होती हैं। उन्होंने कहा कि पुरानी कर व्यवस्था के साथ ही सरकार एक वैकल्पिक प्रणाली लेकर आई है, जिसमें कोई छूट नहीं है, लेकिन यह सरल है और इसकी कर दरें कम हैं। सरकार ने आम बजट 2020-21 में वैकल्पिक आयकर व्यवस्था शुरू की थी, जिसके तहत व्यक्तियों और हिंदू अविभाजित परिवारों (एचयूएफ) पर कम दरों के साथ कर लगाया गया। हालांकि, इस व्यवस्था में किराया भत्ता, आवास ऋण के ब्याज और 80सी के तहत निवेश जैसी अन्य कर छूट नहीं दी जाती है। इसके तहत 2.5 लाख रुपये तक की कुल आय कर मुक्त है।

साथियों बात अगर मैं मेरे सटीक अनुमान की करें तो बजट 2023 में मेरे अनुमान के हिसाब से निम्नलिखित बातें बजट में समाहित हो सकती है। (1) मूल आयकर स्लैब बढ़ाकर 4 से 5 लाख तक की जा सकती है। (2) धारा 80सी 80डी 80 ई की सीमा बढ़ाई जा सकती है। (3) स्टैंडर्ड डिडक्शन की सीमा 50 से बढ़ाकर 75 हजार की जा सकती है। (4) पत्रकारों और मीडिया क्षेत्र के लिए कुछ स्कीम आ सकती है। (5)टैक्स विवाद, टैक्स बढ़ोतरी, रिटर्न स्कीम में टैक्स का दायरा बढ़ाने की योजना सहित कुछ स्कीमों को 5 साल के दायरे तक लाया जा सकता है। अब देखना है मेरा अनुमान सटीक बैठता है या नहीं यह 1 फरवरी 2023 को ही पता चल सकता है। अतः अगर हम उपरोक्त विवरण का अध्ययन कर उसकाविश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि केंद्रीय आम बजट 2023 से हमारी अपेक्षाएं। केंद्रीय बजट 2023 मध्यम वर्गीय करदाताओं के लिए स्वर्णिम अवसर साबित हो सकता है। केंद्र सरकार पार्ट-2 के आखरी पूर्ण बजट से टैक्सपेयर्स को को बड़ी सौगात मिलने की संभावना है।

# संरा में आधिकारिक भाषा के बिना विश्व हिंदी दिवस का क्या औचित्य?

**गौरव**

**विश्व** हिंदी दिवस हर साल 10 जनवरी को मनाए जाने की परंपरा 16 वर्ष पुरानी है। हालांकि, इसका बीज 47 वर्ष पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने रोप दिया था। उन्हीं के नेतृत्व में वर्ष 1975 में 10 से 14 जनवरी तक नागपुर में राष्ट्रभाषा प्रचार समिति (वर्धा) के तत्वावधान में पहला विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित हुआ। इस प्रथम सम्मेलन में 30 देशों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। यहीं से 'विश्व हिंदी सम्मेलन' मनाए जाने की प्रथा प्रारंभ हुई। अलग-अलग देशों में अलग-अलग तिथियों पर विश्व हिंदी सम्मेलन मनाए जाने लगे। पहले हर चार वर्ष और अब तीन वर्ष पर विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित हो रहे हैं। 12वां विश्व हिंदी सम्मेलन फिजी में फरवरी में होना है।




पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की इस पहल को आगे बढ़ाते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने वर्ष 2006 में 10 जनवरी को 'विश्व हिंदी दिवस' घोषित करते हुए नई परंपरा की नींव रखी। यह परंपरा भी वर्ष-प्रतिवर्ष परवान चढ़ती जा रही है पर वैश्विक स्तर पर अपनी मजबूत स्थिति दर्ज कराने के बाद भी हिंदी संयुक्त राष्ट्र की आधिकारिक भाषा बनने का लक्ष्य अभी तक प्राप्त नहीं कर सकी है। क्यों? इस पर सरकारी और 'अ-सरकारी' (हिंदी भाषी समाज) दोनों की ओर से मंथन नितांत आवश्यक है। यह सच है कि दो सौ साल तक भारत पर राज करने वाले अंग्रेजों ने भारत में ही हिंदी को मिटाने की कोशिशें की लेकिन इसके उलट एक रोचक तथ्य यह भी है कि ब्रिटिश हुकूमत ने ही जाने-अनजाने हिंदी को हिंदुस्तान की सीमा से बाहर बोले जाने का रास्ता भी खोला। सभी जानते हैं कि अंग्रेजों ने अपने छल-बल से कब्जाए गए द्वीप (अब देश) मारीशस में अपनों की सुविधा के लिए 1893 में पहली बार भारतीयों को बंधुआ श्रमिकों के तौर पर ले जाया गया। इसमें अधिकांश बिहार, उत्तर प्रदेश और कुछ गुजरात के भी थे। इन्हें पहचान के रूप में 'गिरमिटिया मजदूर' नाम भी मिला। इन्हीं बंधुआ मजदूरों में कोई अपने साथ गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित 'रामचरितमानस' ले गया और कोई हिंदी के प्रबल पक्षधर एवम आर्यसमाज के संस्थापक स्वामी दयानंद द्वारा लिखित 'सत्यार्थ प्रकाश'। इन्हीं धार्मिक पुस्तकों को पढ़ते और अपनी संस्कृति-संस्कार के बल पर गिरमिटिया मजदूरों ने भारत गणराज्य के बाहर हिंदी का अन्य देशों में पहली बार प्रवेश सुनिश्चित कराया। कहा जा सकता है कि इन्हीं पूर्वजों की मातृभाषा के प्रति निष्ठा की बदौलत ही हिंदी 132 देशों में बोली-समझी जा रही है और आज दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी भाषा है। सभी जानते हैं कि संख्या के लिहाज से दुनिया में सर्वाधिक लोग अंग्रेजी बोलते हैं। दूसरे नंबर पर चीन की मंदारिन भाषा है। भारत समेत दुनियाभर में करीब 70 करोड़ लोगों की प्रथम भाषा हिंदी है। दूसरी भाषा के रूप में हिंदी को अपनाने वालों की संख्या जोड़ने पर यह आंकड़ा 80 करोड़ के आगे पहुंच चुका है। दिन-प्रतिदिन हिंदी तेजी से तरक्की कर रही है। सोशल मीडिया में भी हिंदी छा रही है। तकनीक में हिंदी का प्रयोग बढ़ रहा है। अब तो भारत में मेडिकल की पढ़ाई हिंदी के माध्यम से प्रारंभ होने के रास्ते खुलने लगे हैं। अब महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि विश्व की तीसरी सबसे बड़ी भाषा होने के बावजूद हिंदी दुनिया में अपेक्षित सम्मान क्यों प्राप्त नहीं कर पा रही है। संयुक्त राष्ट्र ने बेशक 22 जून, 2022 को जरूर संयुक्त राष्ट्र की सूचनाएं हिंदी में भी देना स्वीकार कर लिया है लेकिन क्या केवल इतना पर्याप्त है? हम हिंदी भाषा क्या केवल इस निर्णय से ही संतोष कर सकते हैं? शायद आप भी कहें-'नहीं, कभी नहीं'। संयुक्त राष्ट्र में सदस्य देशों की संख्या करीब 191 है। नियमानुसार 129 देशों का समर्थन मिलने पर ही हिंदी संयुक्त राष्ट्र की आधिकारिक भाषा बन सकती है। यह सोचने वाली बात है कि जब भारत सरकार के प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र 20 जून को 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' घोषित कर सकता है तो पिछले 16 वर्षों से निरंतर मनाए जा रहे 'विश्व हिंदी दिवस' को मान्यता क्यों नहीं दे रहा? जबकि हिंदी का अपना दावा पहले से अधिक मजबूत है और लगातार होता भी जा रहा है। इसलिए भारत सरकार को भी हिंदी को दुनिया में सम्मान दिलाने को दूसरे सदस्य देशों की सहमति के लिए सघन अभियान अब शुरू कर देना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में आधिकारिक भाषा के दर्जे के बिना विश्व हिंदी दिवस मनाए जाने का कोई औचित्य नहीं है। इसमें कोई दो राय नहीं कि हिंदी की स्वीकार्यता और उपयोग दिनोंदिन बढ़ रहा है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई संस्थाएं हिंदी के प्रचार प्रसार में अहम योगदान दे रही हैं। हिंदी के बढ़ते आंकड़े इसी का प्रतिफल हैं। हिंदी को संयुक्त राष्ट्र की आधिकारिक भाषा का दर्जा दिलाने के लिए अब दबाव की 'नीति' अपनाने की रणनीति पर हम हिंदी भाषियों और विदेशों में रह रहे भारतीयों को आगे बढ़ना होगा। सबके सम्मिलित प्रयासों से ही इंतजार की घड़ियां खत्म होंगी और निश्चित ही हिंदी को अपना अपेक्षित 'सम्मान' सहज ही प्राप्त हो सकेगा। वैश्विक स्तर पर सम्मान प्राप्त होने पर ही हमारे उन भाषाई पूर्वजों-भारतेंदु हरिश्चंद्र, स्वामी दयानंद सरस्वती, पंडित प्रताप नारायण मिश्र, आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी, बाल मुकुंद गुप्त, पंडित माधवराव सप्रे समेत अन्यान्य द्वारा शुरू किया गया संघर्ष पूर्ण होगा, जिसके लिए उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन होम कर दिया।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# सैनिक सेवा की अनिवार्यता का समय

**डॉ सत्यवान सौरभ**

**अब** समय आ गया है कि सरकारी कर्मचारियों और 12 लाख से ऊपर की आय वालों के लिए आर्मी सर्विस अनिवार्य की जाए, ताकि देशभक्ति नारों से निकलकर वास्तविक रंग में आए और सबको पता चले कि कैसे एक फौजी देश की धड़कन है। जो वतन की मिट्टी के लिए कुर्बान होता है अपना सब कुछ भूलकर। इनकम टैक्स की तर्ज और रिजर्वेशन के आधार पर आर्मी सर्विस के साल निर्धारित किए जाएं। हर देशवासी को सीमा सेवा का मौका मिलना ही चाहिए। ग्रुप ए, बी और 12 लाख से ऊपर की आय वाले परिवार के के लिए तो ये इस वतन में रहने की प्रथम शर्त होनी चाहिए। देश के पैसे को अपनी तिजोरी में भरकर देश के अन्न-धन के का लुत्फ लेने वालों को ये अहसास होना भी जरुरी है कि यहां का कण-कण कितना कीमती है? गली-मोहल्ले से देश भर की राजनीति में अपना नाम चमकाने वाले परम समाजसेवी राजनीतिज्ञों के लिए चुनाव लड़ने की प्रथम शर्त फौजी सर्टिफिकेट हो ताकि मंच से बोलते वक्त उनके भावों में देश सेवा की ही रसधार ही बहे। पंडाल से केवल एक ही नारा गूंजे, ये देश है वीर जवानों का, अलबेलों का मस्तानों का। अगर ऐसा होता है तो हमारे देश से भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, धरने-प्रदर्शन, गली-मोहल्ले के सब झगडे खत्म हो जाएंगे. हर फौजी में बहनों को भाई और मां को बेटा दिखाई देगा। संवेदना की एक लहर दौड़ेगी जो तेरे-मेरे की भावना को खत्म करके प्रेम के धागों को मजबूती देगी।

ऐसा नहीं है कि ये प्रयोग दुनिया में नया है। इजरायल का ही उदाहरण देखिए, जो अपने बगल में बैठे अमेरिका को जब चाहे आंख दिखा देता है। यहां पुरुष और महिला, दोनों के लिए मिलिट्री सर्विस अनिवार्य है। पुरुष इजरायली रक्षा बल में तीन साल और महिला करीब दो साल तक सेवा देती हैं। यह देश-विदेश में रह रहे इजरायल के सभी नागरिकों पर लागू होता है। नए प्रवासी और कुछ धार्मिक समूहों को मेडिकल आधार पर बस छूट ही दी जाती है, लेकिन आर्मी सर्विस के बगैर उनको वहां वो सामाजिक रूतबा नहीं मिलता। रूस में भी ऐसे ही कानून है, यही कारण है कि उसके आगे अमेरिका और चीन कांपते है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय रेलवे से लेकर तमाम सरकारी विभागों में नौकरी के लिए जितने आवेदन आते हैं, उसके आधे आवेदन सेना के लिए आते हैं। लोगों का ध्यान सरकारी नौकरी पाने के लिए तो है लेकिन देश की सेवा करने के लिए सेना में आने की ओर नहीं। सरकारी नौकरियों और राजनीति में आने के लिए अगर सैन्य सेवा अनिवार्य की जाती है तो इससे सशस्त्र सेनाओं में हो रही जवानों की कमी को भी पूरा किया जा सकेगा।

हालांकि भारतीय सेना ने आम लोगों को ट्रेनिंग देने का प्लान तैयार किया है। भारतीय सेना एक ऐसे प्रपोजल पर काम कर रही है जिसके मुताबिक आम युवा लोग तीन साल के लिए आर्मी में शामिल हो सकते हैं। इस योजना को टूर ऑफ ड्यूटी का नाम दिया गया है। यह मॉडल पहले से चले आ रहे शॉर्ट सर्विस कमीशन जैसा होगा, जिसके तहत वह युवाओं को 10 से 14 साल के आरंभिक कार्यकाल के लिए भर्ती करती है। अगर इस प्रपोजल को मंजूरी मिलती है तो सेना इसे लागू कर सकती है। हालांकि टीओडी मॉडल में अनिवार्य सैनिक सेवा जैसा नियम नहीं होगा। भारतीय सेना के अनुसार अगर प्रस्ताव को मंजूरी मिलती है तो यह सिस्टम पूरी तरह स्वैच्छिक होगा। इसमें सेलेक्शन प्रक्रिया के नियमों को कम नहीं किया जाएगा। लेकिन अगर भारत सरकार इसे अनिवार्य तौर पर लाती है तो आर्मी क्वालिटी से कोई समझौता नहीं होगा।

## बोलो जुबान केसरी

**डॉ. सुरेश कुमार**

**आदमी** जरूरतों में रंग बदलने वाला गिरगिट है। जैसे शिकारी शिकार पर निकलता है, चुनावकाल में नेता वोटर की तलाश में निकलता है, पुलिसवाला वसूली की तलाश में निकलता है, मैं भी कुछ इसी तरह अपनी फूटी किस्मत को सुधारने के लिए रोजगार केंद्र पहुँचा। रोजगार केंद्र की खासियत यह थी कि वहाँ काम करने वाले कर्मचारी भी अनुबंध पर थे। वे भी रोजगार केंद्र में नियमित रोजगार के लिए आवेदन कर चुके थे। इसे ही कहते हैं दवा देने वाला डॉक्टर भी दूसरे डॉक्टर का मुँह ताक रहा है। अनुबंध कर्मचारियों पर अनु से बंध मुक्त हो जाने का खतरा सदा मंडराता रहता है। इसलिए वे नियमित रोजगार तक इस बंध को ही अपना बंधन मानकर अपना अंतःक्रंदन करते रहते हैं। मैं अपना आवेदन लेकर जिस अनुबंध कर्मचारी के पास पहुँचा उसके सिर के बाल झड़ चुके थे। मालूम करने पर पता चला कि जब वह यह कार्यालय में भर्ती हुआ था तब उसके बाल शाहरूख खान की तरह थे। अब अनुपम खेर बने अपनी खैर मना रहा है। किंतु मुझे उसके कार्य करने की शैली बहुत अच्छी लगी। जब मैंने उससे पूछा कि आवेदन करने से नौकरी मिलती है कि नहीं तो उस पर उसने टाइटानिक फिल्म में जहाज के डूबते समय मौत के भय से पादरियों द्वारा बाइबिल बाँचते हुए अन्य यात्रियों में ढांढस बांधने का जो दृश्य था, वही दृश्य मेरी आँखों के सामने उभर आया। वह अनुबंध कर्मचारी जानता है कि ऐसे लाखों आवेदन यहाँ पड़े हैं।

# कालूपुर टीम ने सात विकेट से जीता फाइनल मुकाबला

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** स्व डॉ महेंद्र सिंह की पुण्य स्मृति में बरवारा चैलेंज कप का फाइनल मुकाबला कालूपुर और धाता के बीच हुआ। कालूपुर ने फाइनल मुकाबले को सात विकेट से विजेता बनी। धाता टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी कर 12.5 ओवर में 118 रनों पर ऑल आउट हो गई।

रविवार को धाता के बल्लेबाज यशवंत ने 16 गेंदों में 48 रन और रितेश ने सात गेंदों में 12 रनों की पारी खेली। कालूपुर के गेंदबाज सौरभ ने 15 रन देकर तीन विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करते हुए कालूपुर ने फाइनल मुकाबले को 11.3 ओवर के खेल में 124 रन बनाकर मैच को सात विकेट से जीत लिया। विजेता टीम को 21000 रुपये नकद और शील्ड तथा उपविजेता टीम को 11000 रुपये नगद और शील्ड दी गई। फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच सत्यम द्विवेदी रहे।

बरवारा चैलेंज कप के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी कालूपुर के ऑलराउंडर बल्लेबाज शिवम को एक सैमसंग मोबाइल और शील्ड दी गई। मैच के पूर्व आज के मुख्य अतिथि मानिकपुर खंड विकास अधिकारी धनंजय सिंह ने



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच को शुरू कराया।

उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना से क्रिकेट मैच खेलने को प्रेरित किया। फाइनल मैच के पुरस्कारों का वितरण किया। इस मौके पर अध्यक्ष ग्राम प्रधान अभिलाष सिंह, प्रबंधक संतोष सिंह, संचालक जानकी शरण पांडे, मीडिया प्रभारी महेंद्र सिंह (मोनू), एंपायर राजेश सिंह और विजय प्रताप, कोटेदार मनोज कुमार, कोषाध्यक्ष पंकज सिंह, स्कोरर कौशल सिंह उपाध्यक्ष, नरेंद्र यादव, आशीष प्रताप, अंकित सिंह, रणजीत सिंह, विनय सिंह आदि मौजूद रहे।

## फटाफट खबरें

### तबादले के बाद भी पुराने रुटों पर चल रहे हैं परिचालक

अखंड भारत संदेश
चित्रकूट। उप्र राज्य सडक परिवहन निगम के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने रोडवेज बसों के 15 परिचालकों के तबादले कर दिये हैं। तबादले के बाद भी परिचालक बांदा-कर्वी रुट पर ही नजर आ रहे हैं। चर्चा है कि परिचालकों ने बीस-बीस हजार रुपये देकर अपने तबादले रुकवा लिए हैं।

रविवार को उप्र राज्य सडक परिवहन निगम के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने दो दिसम्बर को बांदा-कर्वी-प्रयागराज व मानिकपुर रुट के 15 परिचालकों के तबादले किये थे। तबादले के बाद भी सभी परिचालक अभी भी इन्हीं रुटों पर चल रहे हैं। तबादले की सूची आने के बाद भी सभी परिचालक लगातार बांदा-कर्वी-प्रयागराज व मानिकपुर रुट पर ही चलते नजर आ रहे हैं।

चर्चा है कि सभी परिचालकों ने बीस-बीस हजार रुपये देकर अपने-अपने तबादले रुकवा लिए हैं। ऐसे परिचालक इन्हीं रुटों पर चलते हुए जिले को भारी राजस्व की क्षति पहुंचा रहे हैं। एक-एक परिचालक होने के बाद भी दो-दो लोग मिलकर राजस्व को क्षति पहुंचा रहे हैं।

### ठंड लगने से अलग-अलग स्थानों पर तीन की मृत्यु

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिले में अलग-अलग स्थानों पर ठंड लगने से तीन लोगों की मृत्यु हो गई। मऊ थाना क्षेत्र के खण्डेहा गांव के मजरा देउरा के विजय कुमार (40) पुत्र हरछठीलाल के परिजनों ने बताया कि खेत में पानी लगाने के दौरान उसकी मृत्यु हुई है।

रविवार को जिला अस्पताल में विजय कुमार के परिजनों ने बताया कि शुक्रवार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। इलाज दौरान शनिवार को मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया है। जिला मुख्यालय के भैरोंपागा मोहल्ले के रमाशंकर निषाद (70) पुत्र भगवानदीन की हालत बिगडने पर शनिवार को उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार ठंड लगने की शिकायत पर प्राइवेट अस्पताल में दिखाया था, कोई सुधार न होने पर जिला अस्पताल ले गये थे।

इसी क्रम में मऊ थाना क्षेत्र के सुहेल गांव की मैकी देवी पत्नी रामनरेश की ठंड से हालत खराब होने पर शुक्रवार की शाम परिजन उसे जिला अस्पताल लाये। डॉक्टरों के मृत घोषित करने पर परिजनों में मातम पसरा है। परिजनों ने बताया कि ठंड लगने से तबियत खराब हुई है। रमाशंकर व मैकी के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया है।

### अज्ञात युवती की लाश मिलने से फैली सनसनी

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** राजापुर थाना क्षेत्र के छीबों पेट्रोल पम्प के आगे गोबरौल मोड पर एक अज्ञात युवती की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। लाश के बगल में एक टूटा हुआ तमंचा भी पुलिस को मिला है। पुलिस लाश की शिनाख्त कराने में जुटी है।

रविवार को अज्ञात युवती की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बताया गया कि राजापुर थाना क्षेत्र की छीबों पेट्रोल पम्प के आगे गोबरौल मोड पर अगली तालाब के ठीक सामने अज्ञात महिला की लाश मिली है। लाश के सिर को कुचलकर हत्या की गई प्रतीत होती है। लाश के बगल में एक टूटा हुआ तमंचा मिलने से लोग तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं।

राजापुर थाना पुलिस ने घटना स्थल पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। पुलिस लाश की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। आसपास के थानों से किसी महिला की गुमशुदगी के मामले की भी जानकारी ली जा रही है।

### दुष्कर्म आरोपी समेत तीन दबोचे



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर राजापुर थाने के दरोगा सूबेदार बिन्द की टीम ने तुलसी स्मारक के पास चोरी की घटना के वांछित लक्ष्मण तिवारी पुत्र शिवकुमार निवासी तीरमऊ को डेढ किलो गांजा समेत गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे एनडीपीएस एक्ट में जेल भेजा है।

रविवार को इसी क्रम में पहाडी थाने के दरोगा राहुल पाण्डेय की टीम ने घर में घुसकर नाबालिग से दुष्कर्म के वांछित शेषनारायण मिश्रा उर्फ पिन्टू पुत्र गिरीश प्रसाद मिश्रा निवासी कलवारा बुजुर्ग को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। भरतकूप थाने के दरोगा यदुवीर सिंह की टीम ने वारंटी सुरेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र स्व रामेश्वर सिंह निवासी पहरा को गिरफ्तार कर चालान किया है।

### ग्रामीण की ई-मेल आईडी को हैक कर मोबाइल के कांटेक्ट नंबर निकाले-नए नंबर पर व्हाट्सअप चलाकर पीड़ित की फोटो और नाम से लोगों मांग रहा है रुपये




मुरादाबाद। मुरादाबाद के थाना छजलैट निवासी ग्रामीण की ई-मेल आईडी को हैक कर अज्ञात व्यक्ति ने उसके मोबाइल के सारे कान्टेक्ट नंबरों कापी करके निकाल लिए और अब वह नए नंबर पर व्हाट्सअप चलाकर पीड़ित ग्रामीण की फोटो और नाम से लोगों से रुपये की मांग कर रहा है। ग्रामीण ने रविवार को छजलैट पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मामले में थाना साइबर क्राइम पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

छजलैट थाना क्षेत्र के गांव छज्जूपुरा दोयम निवासी रविपाल सिंह पुत्र महीपाल सिंह ने थाना पुलिस को दी तहरीर में कहा कि शनिवार की राम किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी ई-मेल आईडी को हैक कर लिया। उसने उस पर लोड सभी कांटेक्ट नंबरों को निकाल लिया और नए नंबर पर युवक व्हाट्सअप चलाकर उसकी फोटो और नाम लगाकर कांटेक्ट नंबरों पर मैसेज कर लोगों से रुपये की मांग कर रहा है। मैसेज करने वाला अपने बैंक का खाता और यूपीआई नंबर भी लोगों को व्हाट्सअप कर रहा है। जब इसकी जांच कराई गई तो यह नंबर लखीमपुर बैंक शाखा का निकला है। रविपाल ने रविवार को छजलैट थाने पहुंचकर पुलिस को अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई के लिए तहरीर दी है। मामले में थाना साइबर क्राइम पुलिस ने जांच शुरू कर दी हैं।

## पत्रकार उत्पीडन में एसपी से आज मिलेंगे पत्रकार

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** प्रेस क्लब अध्यक्ष सत्यप्रकाश द्विवेदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में जिले के तीन पत्रकारों के खिलाफ पुलिस के लिखाये एससी-एसटी के मामले को लेकर पत्रकारों ने रोष जताया। बैठक में निर्णय लिया कि सोमवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला से भेंटकर उनसे फाइनल रिपोर्ट लगवाने का अनुरोध किया जायेगा।

रविवार को प्रेस क्लब अध्यक्ष सत्यप्रकाश द्विवेदी के आवास में हुई बैठक में पत्रकार मुबीन सिद्दीकी ने बताया कि उन्हें व पत्रकार सुरेन्द्र कछवाह तथा धीरेन्द्र शुक्ला के खिलाफ एक सिपाही की बाबत खबर चलाने पर उन पर एससी-एसटी एक्ट का



मामला दर्ज करा दिया गया है। दो महीने बाद भी पुलिस ने इस मामले में अभी तक फाइनल रिपोर्ट नहीं लगाई है। पुलिस लगातार उन्हें टरका रही है।

बैठक में निर्णय लिया कि सोमवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला से भेंटकर पत्रकार उन्हें पत्रकार उत्पीडन की जानकारी देंगे। उनसे पत्रकारों के मामले में फाइनल रिपोर्ट लगवाने का अनुरोध किया जायेगा। पत्रकारों को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला पर यकीन है कि वे उनके मामले को सुनकर निष्पक्षता से निर्णय लेंगी। बैठक में वरिष्ठ पत्रकार चन्द्रभूषण अवस्थी, सुखेन्द्र अग्रहरि, जियाउल हक, राकेश चैधरी, सुधीर अग्रवाल, अखिलेश सोनकर, हेमराज सिंह, रमेश द्विवेदी, विवेक मिश्रा, दीपेश, रतन पटेल, अशोक द्विवेदी समेत तमाम पत्रकार मौजूद रहे।

## कचरे को कचरा गाडियों में ही फेंके

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता समिति के 51वें अभियान के तहत परिक्रमा मार्ग में साफ-सफाई की गई। समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने कहा कि पालिका क्षेत्र में कूडा-कचरा न फैलायें। उचित स्थान पर कूडा का निस्तारण करें।

रविवार को कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी की अगुवाई में समिति के लोगों ने कामदगिरि परिक्रमा मार्ग में साफ-सफाई की। कहा कि सरकार ने कचरा निस्तारण को तमाम व्यवस्थायें की हैं। कचरा निस्तारण की सुविधा का लोग लाभ उठायें।



कूडा-कचरा को कचरा गाडियों में डाल सकते हैं। बहुत से लोग सफाई के बाद व कचरा गाडियां निकलने के बाद कूडे को सडक पर फैलाते हैं। इससे आम लोगों को बचना चाहिए। स्वच्छ भारत मिशन के समन्वयक शिवा कुमार ने कहा कि स्वच्छता जीवन के लिए जरूरी है। स्वच्छता से कई तरह की परेशानियों से बचा जा सकता है। भगवान कामतानाथ का पर्वत लोगों की आस्था का केन्द्र है। पर्वत के आसपास कचरा न फैलायें। सफाई अभियान में शुभम केशरवानी, जानकी कुशवाहा, सुमित केशरवानी, शिवशंकर, स्वरुप वाजपेयी, विवेक, जितेन्द्र आदि ने योगदान दिया।

## भारत का मानस बंद दरवाजों का नहीं : भैया जी जोशी

### केवल भारतीय परिप्रेक्ष्य में ही सुजलाम सुफलाम शब्द का प्रयोग हुआ

**वाराणसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य भैया जी जोशी ने कहा कि भारत का मानस बंद दरवाजों का नहीं है, हम दुनिया भर के विचारों का स्वागत करते है। मगर वह विचार जीव जगत के लिए हितकारी होना चाहिए। वर्तमान में नए तंत्र से हम दूसरों को भी अन्न देने में सक्षम हुए हैं, मगर दूसरी और भूमि के पोषण का प्रश्न भी हमारे सामने खड़ा हुआ है।

भैया जी जोशी रविवार को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के स्वतंत्रता भवन सभागार में आयोजित तीन दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी सुफलाम 'पृथ्वी तत्व' को संबोधित कर रहे थे। संगोष्ठी में दूसरे दिन प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में विशिष्ट अतिथि भैयाजी जोशी ने कहा कि हम आधुनिकता




के पक्षधर हैं मगर मयार्दाओं का पालन करने वाले हैं। भारत जो विचार दुनिया को दे रहा है, उन विचारों का जीता जागता नमूना भी दिखाई पड़ना चाहिए । हमें संघर्ष नहीं बल्कि समन्वय के मार्ग से पृथ्वी की समस्याओं का समाधान करना है ।

उन्होंने भारतीय चिंतन को विज्ञान के रूप में रख जन सामान्य को पंच भूतों के प्रति श्रद्धा भाव रखने का आह्वान भी किया। उन्होंने कहा कि संपूर्ण विश्व अभी भी भ्रमित होकर दोराहे पर खड़ा है। पहला रास्ता आधुनिक विकास का है और दूसरा रास्ता मूलभूत जाने से समझौता न करते हुए विकास के मार्ग पर चलने का है। उन्होंने कहा कि केवल पृथ्वी पर ही जड़ चेतन का अस्तित्व है, केवल भारतीय परिप्रेक्ष्य में ही सुजलाम सुफलाम शब्द का प्रयोग हुआ है। गोष्ठी को संत ज्ञानेश्वर दास महाराज ने भी सम्बोधित किया।

इसके पहले गोष्ठी की विषय स्थापना भारतीय किसान संघ के राष्ट्रीय महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्रा ने रखा। अध्यक्षता बीएचयू के कुलगुरु प्रोफेसर वी. के. शुक्ला ने की। संचालन भाऊराव देवरस न्यास के राहुल तथा धन्यवाद ज्ञापन बीएचयू कृषि विज्ञान संस्थान के प्रोफेसर राकेश सिंह ने किया। गोष्ठी में उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही,भारतीय किसान संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी,उद्योगपति मनोज भाई सोलंकी, भाउराव देवरस न्यास के ओम प्रकाश गोयल, कृषि विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रोफेसर यशवंत सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय गौ सेवा प्रमुख अजीत महापात्रा , क्षेत्र कार्यवाह वीरेंद्र जायसवाल आदि मौजूद रहे।

## ई-दाखिल पोर्टल बनेगा उपभोक्ताओं का हथियार

**मीरजापुर।** अब ऑनलाइन शापिंग के अलावा अगर कोई दुकानदार किसी प्रकार की धोखाधड़ी करता है तो ई-दाखिल पोर्टल उपभोक्ताओं का हथियार बनेगा और धोखेबाजों को सबक सिखाएगा। ई-दाखिल पोर्टल पर उपभोक्ता किसी भी ई-कामर्स लेन-देन, कंपनी, स्टोर, डीलर या दुकानदार की शिकायत ऑनलाइन दर्ज करा सकेंगे। इसके लिए पहले पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करना होगा।

अब उपभोक्ताओं की ई-दाखिल पोर्टल से न्याय की राह आसान हो सकेगी। उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम के तहत समूची शिकायत प्रणाली को सुचारू बनाने के उद्देश्य से यह प्रणाली शुरू हुई है। ऑनलाइन ई-दाखिल पोर्टल पर शिकायत के साथ फीस का ऑनलाइन भुगतान भी किया जा सकेगा। केस की रोजाना की कार्यवाही भी ऑनलाइन देखी जा सकेगी। संबंधित पक्षों को केस की स्थिति का अपडेट नियमित तौर पर एसएमएस से भेजा जाएगा। पहली अपील, रिवीजन पिटीशन, रिमाइंडर भी पोर्टल पर दायर किया जा सकेगा। शिकायत के साथ अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज में कोई गलती पाई जाती है तो इसकी जानकारी भी दी जाएगी। ई-दाखिल पोर्टल पर शिकायत, अपील, फीस आदि की पूरी जानकारी दी गई है।

**न भागदौड़ न वकील की जरूरत, घर बैठे कर सकेंगे शिकायत**

ई-दाखिल पोर्टल पर उपभोक्ता घर बैठे मोबाइल से शिकायत दर्ज कर सकते हैं। जैसे यदि आपने कोई सामान वाराणसी या प्रयागराज से खरीदा और आप मीरजापुर में रहते हैं तो आप मीरजापुर से ही पोर्टल

## न्यूज झरोखा

### रिश्तेदार पर निकाह करने का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप, कप्तान ने दिए जांच के आदेश



**मुरादाबाद।** मुरादाबाद के थाना कटघर क्षेत्र में रहने वाली युवती ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दी तहरीर में जिले के थाना मैनाठेर क्षेत्र में रहने वाले अपने रिश्तेदार पर निकाह करने का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि उसने आरोपित पर रहने का दबाव बनाया तो आरोपित ने उसे जान से मारने की धमकी भी दे डाली। कप्तान ने थाना कटघर पुलिस को मामले की जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए हैं।
थाना कटघर क्षेत्र में रहने वाली पीड़िता ने एसएसपी हेमराज मीना को दिए शिकायती पत्र में कहा कि मैनाठेर थाना क्षेत्र में रहने वाला रिश्तेदार चार साल पहले उसके घर आया था। कुछ दिन रुकने के बाद आरोपित अपने घर चला गया। आरोप है कि आरोपित दोबारा युवती के घर पहुंचा। उसने युवती के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपित ने उसे निकाह करने का झांसा देते हुए कहा वह निकाह के बाद उसे अपने साथ ही रख लेगा। कुछ समय बाद पीड़िता ने फिर निकाह की बात कहीं तो आरोपित ने कहा कि पहले उसकी बहन की शादी हो जाए तो वह उसे अपने साथ रख लेगा। बहन की शादी होने के बाद पीड़ित ने आरोपित से बात की तो उसने साथ रखने से साफ इनकार कर दिया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपित ने उसको जान से मारने की धमकी दी है। एसएसपी हेमराज मीणा ने मामले में थाना कटघर पुलिस को मामले की जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

### बजरंगी हत्याकांड : प्रापर्टी विवाद में वारदात को दिया था अंजाम



**कानपुर।** बिधनू थाना क्षेत्र में हुई बजरंगी की हत्या का पुलिस ने सफल अनावरण कर दिया है। पुलिस ने हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले तीन अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, बजरंगी की हत्या पैसे के लेनदेन की वजह से की गई थी।
पुलिस उपायुक्त दक्षिण प्रमोद कुमार ने रविवार को बताया कि 29 दिसंबर को कुछ अज्ञात लोगों ने बजरंगी उर्फ वीरू मौर्य की लाठी डंडों से पीटकर हत्या कर दी थी। वारदात के अनावरण के लिए पुलिस ने टीमों का गठन किया था। जांच पड़ताल में दीपक कनौजिया और पंकज सविता की भूमिका संदिग्ध लगी, जिसके बाद इनको पकड़कर जब पूछताछ की गई तो इन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया।
पुलिस उपायुक्त का कहना है कि इसका मास्टर माइंड राजकुमार अग्रवाल था। इसका मृतक बजरंगी से प्रापर्टी को लेकर विवाद चल रहा था। राजकुमार ने बजरंगी को अपने रास्ते से हटाने के लिए प्लानिंग बनाकर उसकी हत्या करवाई थी।

### शीतलहर से अभी नहीं मिलेगी राहत, बढ़ सकती है किसानों की परेशानी

**मीरजापुर।** हिमालय से आ रही सर्द हवाओं से अभी राहत नहीं मिलने वाली है। मौसम विभाग ने चेताया है कि शीतलहर के साथ पाला भी पड़ सकता है यानी मौसम अब किसानों के लिए दिक्कतें खड़ी करेगा। ऐसे में लोगों को खासकर बुजुर्गों व बच्चों को सुरक्षित रहने की जरुरत है तो किसानों को सजग।
सुबह कोहरे के साथ दिन की शुरूआत होने से सड़क पर सन्नाटा छाने लगा है। कोहरे से वाहनों की रफ्तार भी थम गई है। हालांकि इधर दो-तीन दिनों से दोपहर के समय धूप ने गुनगुना रखा है, लेकिन शाम ढलते ही एक बार फिर लोग सर्दी से कंपकपाने लगते हैं और घर में रजाई के अंदर दुबक जाते हैं। जरुरी काम होने पर ही लोग बाहर निकलते हैं। रविवार को अधिकतम तापमान 21 तो न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।
ग्रामीण कृषि मौसम सेवा भू-भौतिकी विभाग बीएचयू वाराणसी के नोडल अधिकारी प्रो. आरएस सिंह व तकनीकी अधिकारी (मौसम वैज्ञानिक) शिव मंगल सिंह ने बताया कि मौसम पूवार्नुमान के आधार पर आने वाले दिनों में आसमान में बादल छाए रहने की संभावना है, लेकिन अगले तीन दिन तक बारिश की संभावना नहीं है और हवा की गति भी सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। सुबह-शाम कोहरा, ठंड और गलन बरकरार रहेगी। किसान मौसम के परिवर्तन को ध्यान में रखकर ही कृषि क्रिया करें। ऐसे मौसम में बहुत जरूरी होने पर ही घर से निकलें।

# अली बाबा समूह के संस्थापक चीन के अरबपति उद्योगपति जैक मा बैंकाक में दिखे

**बैंकाक।** दुनिया के सबसे अमीर लोगों में शुमार चीन के अरबपति उद्योगपति और अली बाबा समूह के संस्थापक जैक मा लंबे समय बाद थाईलैंड की राजधानी बैंकाक में नजर आए। जैक मा का फोटो मिशेलिन-स्टार शेफ सुपिन्या ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया।

सुपिन्या ने अरबपति के साथ खुद की एक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा अविश्वसनीय रूप से विनम्र, हम आपका और आपके परिवार का स्वागत करने के लिए खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। जैक मा को थाईलैंड के सबसे बड़े कृषि व्यवसाय समूह चारोन पोकफंड ग्रुप बोर्ड के चेयरमैन सुपाकित चेरावनोंट के



साथ रेस्तरां में देखा गया। इसके अलावा जैक मा एक बाक्सिंग मैच में भी दिखे। उन्होंने चैंपियन मुक्केबाज सोम्बत बुआकाव बंचामेक के साथ फोटो भी खिंचवाई। करीब तीन माह कहा गया था कि चीन छोड़ने के बाद जैक मा अपने परिवार और एक निजी शेफ के साथ जापान की राजधानी टोक्यो में रह रहे हैं। जैक मा चीन की सबसे बड़ी फिनटेक दिग्गज कंपनी एंट ग्रुप की कमान छोड़ चुके हैं। जैक मा ने अक्टूबर 2020 में शंघाई में चीन के वित्तीय नियामकों और सरकारी बैंकों की तीखी आलोचना की थी। इसे सत्तारूढ़ कम्युनिष्ट पार्टी पर हमले के रूप में देखा गया था। इसके चलते उनका चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से विवाद भी हुआ था। 2021 में चीन के रेग्युलेटर्स ने उनके व्यापारिक साम्राज्य पर बड़े पैमाने पर शिकंजा कसा।उनके एंट ग्रुप के मेगा आईपीओ को रोक दिया। इसके बाद से जैक मा ने सार्वजनिक कार्यक्रमों से दूरी बना ली थी।

# ईरान में देशव्यापी प्रदर्शन के बीच हिरासत में लिए गए दो और लोगों को मृत्युदंड दिया गया

**तेहरान।** ईरान ने कहा है कि उसने प्रदर्शन के दौरान एक अर्द्धसैनिक बल के जवान की हत्या मामले में दोषी ठहराए गए दो व्यक्तियों को मृत्युदंड की सजा सुनाई है।

ईरान की न्यायपालिका ने मृत्युदंड दिए गए लोगों की पहचान मोहम्मद करमी और मोहम्मद हुसैनी के रूप में की है। महसा अमीनी की मृत्यु के बाद सितंबर से जारी प्रदर्शन के दौरान अब तक चार लोगों को मृत्युदंड दिया जा चुका है। न्यायपालिका की ' समाचार एजेंसी' के अनुसार इन व्यक्तियों को ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड की बासिज फोर्स के रुहुल्ला अजमियां की हत्या के जुर्म में दोषी ठहराया गया जिनकी तीन




नवंबर को तेहरान के बाहरी इलाके करज शहर में मौत हो गई थी। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि किस अदालत में इन दोनों व्यक्तियों के मुकदमे की सुनवाई हुई। हालांकि अदालत के बंद कमरों में लोगों को मृत्युदंड सुनाए जाने के लिए ईरान की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आलोचना भी हुई है। सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि बंद कमरे में हुई सुनवाई में कम से कम 16 लोगों को मृत्युदंड की सजा सुनाई जा चुकी है। ईरान में मृत्युदंड के रूप में फांसी की सजा दी जाती है। देश में विरोध प्रदर्शन सितंबर के मध्य में शुरू हुआ था, जब 22 वर्षीय अमीनी को इस्लामी गणराज्य के सख्त 'ड्रेस कोड' का उल्लंघन करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया था और इसके बाद उसकी मौत हो गई थी।

# भारतीय छात्रों के लिए विदेश में पढ़ाई मुश्किल हुई


**लंदन।** ब्रिटेन ने भले ही इस वर्ष सबसे अधिक संख्या में भारतीयों को छात्र वीजा जारी किए हों, लेकिन बढ़ती महंगाई के कारण अंतरराष्ट्रीय छात्रों को उन शहरों में आवास ढूंढना और जीवनयापन करना मुश्किल हो गया है जहां उनके कॉलेज स्थित हैं। छात्रों और उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, विदेश में अध्ययन करना उन छात्रों के लिए मुश्किल हो गया है, जो अभी-अभी ब्रिटेन गए हैं। यह किसी दुःस्वप्न से कम नहीं है। एक ऐसा देश जो उनके लिए पूरी तरह से अनजान है वहां सिर पर छत नहीं मिल पाना इन छात्रों के लिए किसी बुरे सपने से कम नहीं है। उनका संकट केवल सस्ता आवास खोजने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि लगातार बढ़ती खाद्य मुद्रास्फीति भी उनके लिए चुनौती है, जिससे उनके दैनिक खर्चों में वृद्धि हुई है।ब्रिटेन में महंगाई 2022 में रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। सितंबर 2022 तक के 12 महीनों में मकान मालिक किराया समेत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआईएच) 8.8 प्रतिशत बढ़ गया। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा नवंबर के आंकड़ों के अनुसार, मुद्रास्फीति की दर 9.3 प्रतिशत पर पहुंच गई। ब्रिटिश उच्चायोग के आंकड़ों के अनुसार, ब्रिटेन में प्रायोजित अध्ययन वीजा जारी करने वाले देश के रूप में भारत चीन से आगे निकल गया है। सितंबर 2022 में समाप्त हुए वर्ष के लिए भारतीयों को सबसे अधिक 1.27 लाख छात्र वीजा प्राप्त हुए। लंदन के गोल्डस्मिथ विश्वविद्यालय में प्रशासन एवं सांस्कृतिक नीति में पढ़ाई के लिए तीन महीने पहले ब्रिटेन गईं चयनिका दुबे ने कहा, ''पिछले साल एक अक्टूबर से 21 अक्टूबर के बीच मुझे घर तलाशने में 'एयरबन्स' पर करीब एक लाख रुपये खर्च करना पड़ा।''

एयरबन्स किराए पर घर मुहैया कराने वाली कंपनी है। बर्मिंघम में एस्टन विश्वविद्यालय में एमएससी की पढ़ाई करने गए नमन मक्कर महंगाई से जूझने के दौरान आशावादी बने रहने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''मौजूदा महंगाई दर में अपने



खर्चों को कम रखना अपने आप में मेरे लिए एक चुनौती थी। मैंने सिर्फ जरूरी चीजों पर ध्यान केंद्रित किया लेकिन कभी-कभी खाने की अपनी इच्छा को पूरा भी किया क्योंकि जब आप घर से दूर होते हैं, तो आप अपना ख्याल रखने के महत्व को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं।'' रिया जैन ने सात साल पहले अपनी स्नातक की पढ़ाई ब्रिटेन से पूरी की और आगे की पढ़ाई के लिए उन्होंने एक बार फिर उसी जगह को चुना है। जैन ने कहा, ''सात साल पहले मैं दो सप्ताह के लिए भोजन पर जितना खर्च करती थी उतना अब संभवतः चार दिन से अधिक नहीं चल पाएगा।''जैन यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थम्प्टन से प्रोजेक्ट मैनेजमेंट में एमएससी कर रही हैं। करियर लॉन्चर संस्थान के अनुभव सेठ हालांकि महसूस करते हैं कि विदेशों में अध्ययन के लोकप्रिय विकल्पों में बड़े पैमाने पर बदलाव की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा, ''अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने वाले छात्रों के मामले में शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। कनाडा के लिए छात्र आवेदनों की उच्च अस्वीकृति दर और ब्रिटेन के लिए आवेदनों में आसानी से अध्ययन के पसंदीदा स्थानों में बदलाव हुआ है, जिसमें ब्रिटेन पसंदीदा स्थान बनकर उभर रहा है।

## कैलिफोर्निया में फिर से तूफान के साथ बारिश और बाढ़ का खतरा, पानी-पानी हुई सड़कें



**कैलिफोर्निया।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में बारिश के साथ ही तूफानी मौसम से सड़कों पर बाढ़ आने, नदियों के उफान पर होने और मिट्टी धंसने का खतरा बढ़ गया है। 'बे एरिया' में बारिश हुई। सोमवार को भी तूफान आने की आशंका है। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने उत्तरी और मध्य कैलिफोर्निया में 15 से 30 सेंटीमीटर तक बारिश होने की संभावना जताई है। लॉस एंजिलिस में सप्ताहांत में हल्की बारिश का अनुमान जताया गया है और सोमवार को तूफानी मौसम के साथ पर्वतीय क्षेत्र में 20 सेंटीमीटर तक बारिश की संभावना है। कैलिफोर्निया में हाल ही में बारिश और तूफान के कारण हजारों घरों की बत्ती गुल हो गई थी, सड़कों पर बाढ़ आ गई थी और कम से कम छह लोगों की मौत हो गई थी। सैन फ्रांसिस्को में 26 दिसंबर के बाद से 25 सेंटीमीटर से अधिक बारिश हुई है, जबकि पूर्वी सिएरा में मशहूर स्की स्थल मैमथ माउनटेन पर करीब 10 फीट तक हिमपात दर्ज किया गया है।

## कोरोना से मचे हाहाकार के बीच चीन ने हांगकांग सीमा खोली

**बीजिंग।** चीन ने कोरोना से मचे हाहाकार के बीच रविवार से हांगकांग की सीमा फिर से खोल दी है। इसके साथ चीन में अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए क्वारंटाइन की अनिवार्यता को भी खत्म कर दिया है। सीमा सीमा खुलने के बाद अपनी पत्नी से दो साल तक अलग रहने वाले हांगकांग निवासी चेउंग सेंग-बन क्रॉसिंग पॉइंट्स को पार करने वाले सबसे पहले व्यक्ति रहे।

हालांकि, हांगकांग और चीन के बीच आवाजाही करने वाले यात्रियों को अभी भी 48 घंटे पुरानी कोविड निगेटिव रिपोर्ट प्रस्तुत करनी आवश्यक है। अब बीजिंग के मुख्य हवाई अड्डे के आगमन हॉल को फिर से खोलने की तैयारी की जा रही है।

## एयर इंडिया की फ्लाइट में महिला से बदसलूकी मामले में टाटा समूह ने चुप्पी तोड़ी

**नई दिल्ली/मुंबई।** एयर इंडिया की फ्लाइट में महिला से बदसलूकी का मामला तूल पकड़ने के बाद टाटा समूह ने चुप्पी तोड़ी है। समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने अपनी पहली प्रतिक्रिया में कहा कि उड़ान एआई 102 की घटना एयर इंडिया में मेरे और मेरे सहयोगियों के लिए व्यक्तिगत पीड़ा का विषय रही है। उन्होंने माना कि इस मामले में एयर इंडिया की प्रतिक्रिया बहुत तेज होनी चाहिए थी।

चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने रविवार को 26 नवंबर, 2022 को न्यूयॉर्क-दिल्ली के बीच संचालित एआई-102 में हुई घटना के मामले में प्रतिक्रिया दी है।

उन्होंने स्वीकार किया कि शराब के नशे में धुत एक यात्री के एक महिला सहयात्री पर कथित रूप से पेशाब करने की घटना पर एयर इंडिया की प्रतिक्रिया ह्यज्यादा तेजह्न होनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि इस मामले में जिस तरह की त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए थी, उससे निपटने में हम विफल रहे। टाटा समूह और एयर इंडिया अपने यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा और भलाई के लिए पूरे विश्वास के साथ खड़े हैं। हम ऐसी अनियंत्रित किसी भी घटना को रोकने के लिए हर प्रक्रिया की समीक्षा करके सुधार करेंगे।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक

स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक

स्वामी श्री योगी सत्यम्

Title UPHIN 29506

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# महिलाओं पर प्रतिबंध को लेकर संयुक्त राष्ट्र दूत ने अफगान शिक्षा मंत्री से मुलाकात की

**काबुल।** विश्वविद्यालयों में महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध को लेकर चर्चा करने के लिए संयुक्त राष्ट्र के एक शीर्ष दूत ने तालिबान नीत अफगानिस्तान सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री से मुलाकात की। मार्कस पोटजेल पिछले महीने प्रतिबंध लागू होने के बाद से उनसे मिलने वाले पहले अंतरराष्ट्रीय अधिकारी हैं। तालिबान के अधिकारियों ने 20 दिसंबर को सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों को अगली सूचना तक महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया था। इस आदेश को लेकर अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को अंतरराष्ट्रीय निंदा का सामना करना पड़ा था।उच्च शिक्षा मंत्री निदा मोहम्मद नदीम ने प्रतिबंध का बचाव करते हुए कहा कि विश्वविद्यालयों में ऐसा किया जाना आवश्यक है और क्योंकि उनका मानना है कि कुछ विषय इस्लामी सिद्धांतों का उल्लंघन करते हैं। अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र मिशन ने कहा कि विशेष दूत मार्कस पोटजेल ने नदीम के साथ अपनी बैठक में इन प्रतिबंधों को तत्काल



हटाने का आह्वान किया। मिशन ने कहा कि तालिबान द्वारा महिला शिक्षा पर प्रतिबंध से सभी अफगान नागरिकों को नुकसान होगा। पोटजेल के अनुरोध पर नदीम की प्रतिक्रिया का तुरंत पता नहीं चल पाया है। अफगानिस्तान के बारे में 13 जनवरी को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में होने वाली बैठक से पहले यह चर्चा हुई।

## चीन में सड़क हादसा, 17 लोगों की मौत, 22 घायल



**बीजिंग।** पूर्वी चीन के जियांग्शी प्रांत के नानचांग काउंटी में आधीरात बाद एक बजे हुए दो वाहनों की टक्कर में 17 लोगों की मौत हो गई और 22 लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल भिजवाया गया है। यह जानकारी सरकारी न्यूज चैनल सीसी टेलीविजन ने रविवार सुबह दी। सीसी टेलीविजन के मुताबिक दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। इस सड़क हादसे की वजह कोहरा माना जा रहा है। कोहरे की वजह से दृश्यता काफी कम है। गाड़ी चलाते समय लोगों कोदिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस कारण सड़क दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ी है।

## 'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ' सम्मेलन में उठाये जाने वाले मुद्दों पर संरा महासचिव मुखर रहे हैं: प्रवक्ता

**संयुक्त राष्ट्र।** यद्यपि भारत अगले सप्ताह एक विशेष 'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ' सम्मेलन की मेजबानी की तैयारी कर रहा है और इस बीच संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने कहा है कि महासचिव एंतोनियो गुतारेस उन मुद्दों के बारे में बहुत मुखर रहे हैं, जो यूक्रेन संघर्ष और विकासशील देशों पर कोविड संकट के गहरे प्रभाव पर केंद्रित होंगे। भारत 12-13 जनवरी को डिजिटल माध्यम से 'वॉयस आफ ग्लोबल साउथ' शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा, जिसमें वैश्विक दक्षिण सहित विकासशील देशों को अपने मुद्दों, चिंताओं और प्राथमिकताओं को रखने का मौका मिलेगा।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक भारत द्वारा आयोजित किए जा रहे इस डिजिटल शिखर सम्मेलन को लेकर एक सवाल का जवाब दे रहे थे, जिसमें 120 से अधिक देशों को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। शिखर सम्मेलन में कोविड -19 महामारी के प्रभाव, यूक्रेन संघर्ष और बढ़ती खाद्य, उर्वरक और ईंधन की कीमतों जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया जायेगा। दुजारिक ने शुक्रवार को कहा, '' स्पष्ट रूप से, ये ऐसे मुद्दे हैं, जिनके बारे में




मुझे लगता है कि महासचिव बहुत मुखर रहे हैं।'' यह पूछे जाने पर कि क्या संयुक्त राष्ट्र को शिखर सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है, दुजारिक ने कहा कि वह इस बारे में पता करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा था कि इस शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिये 120 देशों को आमंत्रित किया गया है। इस सम्मेलन का मुख्य विषय 'यूनिटी आफ वॉयस, यूनिटी आफ पर्पज' है। उसने कहा था, ''भारत यह सुनिश्चित करने के लिए काम करेगा कि 'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट' में विचार-विमर्श में भागीदार देशों से जानकारी प्राप्त की जाये।'' मंत्रालय ने कहा था इस शिखर सम्मेलन की बैठकों में हिस्सा लेने वाले देशों की राय, विचारों, चिंताओं एवं सुझाव का संकलन प्रस्तुत किया जायेगा। इन देशों की बातें जी-20 समूह की भारत की अध्यक्षता के दौरान महत्वपूर्ण विचार के रूप में ली जाएंगी। इस डिजिटल शिखर बैठक में 10 सत्र होंगे, जिसमें दो सत्र शासनाध्यक्ष स्तरीय होंगे, जबकि आठ सत्र मंत्री स्तरीय होंगे। शासनाध्यक्षों के स्तर के सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल रहेंगे।

## ब्रिटेन के राज परिवार के सहयोगियों ने राजकुमार हैरी के दावों का खंडन किया


**लंदन।** ब्रिटेन के शाही परिवार के सहयोगियों ने राजकुमार हैरी द्वारा अपने नए संस्मरण में किए गए दावों का खंडन किया। राजकुमार हैरी ने अपनी किताब में राजशाही पर भी निशाना साधा है और उसे ऐसी संस्था बताया, जो उनका समर्थन करने में विफल रही। बकिंघम पैलेस ने हैरी की किताब पर आधिकारिक रूप से कोई टिप्पणी नहीं की है। लेकिन ब्रिटिश अखबारों और वेबसाइट में शाही परिवार से जुड़े अनाम सूत्रों के बयान भरे हुए हैं, जिनमें हैरी के आरोपों का खंडन किया गया है।ऐसे ही एक बयान में कहा गया है कि हैरी द्वारा सार्वजनिक रूप से ब्रिटिश राज परिवार पर हमला बोलने का असर महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के स्वास्थ्य पर भी हुआ, जिनकी सितंबर में मृत्यु हो गई थी। ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय के मित्र एवं वयोवृद्ध पत्रकार जोनाथन डिंबलेबी ने कहा कि हैरी के रहस्योद्घाटन उसी प्रकार के थे जिसकी आप उम्मीद करेंगे...'' और इससे महाराजा को पीड़ा और निराशा हुई होगी। उन्होंने बीबीसी से कहा, उनकी चिंता... एक ऐसे देश के राष्ट्राध्यक्ष के रूप में काम करना है, जिसके बारे में हम सभी



जानते हैं कि वह संकटग्रस्त स्थिति में है। हैरी की किताब स्पेयर में कई दावे किए गए हैं और यह राजकुमार और उनकी पत्नी मेगन के सार्वजनिक बयानों की कड़ी में नवीनतम मामला है। हैरी ने शाही जीवन छोड़ दिया था और 2020 में कैलिफोर्निया चले गए थे। उस समय उन्होंने कहा था कि मेगन के प्रति मीडिया का व्यवहार नस्लवादी था और उन्हें राजमहल से समर्थन नहीं मिला। स्पेयर किताब मंगलवार को दुनिया भर में रिलीज होने वाली है। शाही परिवार से उनके अलगाव को लेकर मीडिया में काफी बातें आईं, जिसमें 2021 में ओपरा विनफ्रे के साथ एक प्रसिद्ध साक्षात्कार शामिल है, जिसे लेकर काफी विवाद भी हुआ था। हैरी ने अपनी किताब में यह भी लिखा है कि उन्होंने अफगानिस्तान में अपाचे हेलीकॉप्टर के पायलट के रूप में काम करते हुए 25 तालिबानी लड़ाकों को मार डाला था। उनके इस दावे की तालिबान और ब्रिटेन के पूर्व सैन्य अधिकारियों ने आलोचना की है। किताब में हैरी के बचपन, उनके स्कूल के दिनों, शाही सदस्य के तौर पर उनके जीवन और ब्रिटिश सेना में कार्यकाल, माता-पिता व भाई के साथ उनके संबंध और विवाह पूर्व व विवाह के बाद मेगन के साथ उनके रिश्तों का जिक्र है।

# बाइडेन ने कैपिटल कॉम्प्लेक्स में विद्रोह को अमेरिकी लोकतंत्र पर हमला बताया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि अमेरिकी कैपिटल (संसद भवन परिसर) में छह जनवरी 2021 को हुआ विद्रोह देश के लोकतंत्र पर हमला था, लेकिन ''अंत में लोगों की जीत हुई।'' बाइडन ने 2021 में राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों की घोषणा के बाद हुई हिंसा की घटना को याद करते हुए कहा, ''भीड़ ने कैपिटल परिसर पर धावा बोला। ऐसा अमेरिका के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ था, यहां तक कि गृह युद्ध के दौरान भी।'' छह जनवरी 2021 को अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थकों ने कैपिटल




परिसर में घुसकर तोड़फोड़ की थी।ट्रंप समर्थकों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के जवानों के बीच हिंसक झड़प भी हुई थी। घटना के बाद ट्रंप पर संसद परिसर में दंगा भड़काने के आरोप लगे थे और उनके खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही भी शुरू की गई थी। बाइडन ने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक राष्ट्रपति नागरिक पदक प्रदान करने के बाद एक समारोह में कहा, ''दो साल पहले छह जनवरी को हमारे लोकतंत्र पर हमला किया गया था। हिंसा की उस घटना को लोकतंत्र पर हमला कहना ही सबसे उपयुक्त होगा।''उन्होंने व्हाइट हाउस में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा, हिंसक विद्रोह के दौरान न सिर्फ पुलिस एवं कानून प्रवर्तन अधिकारियों पर हमला किया गया और प्रतिनिधि सभा के हॉल में तोड़फोड़ की गई, बल्कि निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को भी निशाना बनाया गया। यह सब लोगों की इच्छा का अपमान करने और सत्ता के शांतिपूर्ण हस्तांतरण को रोकने के प्रयास के तहत किया गया। राष्ट्रपति ने कहा, ''यह विद्रोह 2020 के चुनाव में बोले गए झूठ से भड़का था। लेकिन दो साल पहले आज के दिन हमारे लोकतंत्र की जीत हुई थी, क्योंकि जैसा कि हमारा संविधान हमें संदर्भित करता है 'हम लोग' घबराए नहीं। हम लोगों ने इसका डटकर सामना किया।'' बाइडन ने कहा, ''अंत में हम लोगों की जीत हुई। आज उस दिन को याद करते हुए हम उपराष्ट्रपति, उनके पति और आप सभी के साथ उन अमेरिकियों का सम्मान करते हैं, जिन्होंने छह जनवरी 2021 से पहले, उस दौरान और बाद में लोकतंत्र की रक्षा में योगदान दिया।